दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com

विचार

" किसी मनुष्य का स्वभाव ही उसे विश्वसनीय बनाता है, न कि उसकी सम्पत्ति "

अरस्तु ...

जेरण में दुदेश्वर महादेव में....

वर्ष- 2 | अंक-122 | दिल्ली, शुक्रवार 14 जून 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

न्यूज. ब्रीफ

मनोज जरांगे ने स्थगित की भूख-हड़ताल

मुंबई। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपनी अनिश्चितकालीन भूख-हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा की है। बता दें कि मनोज जरांगे पिछले छह दिनों से हड़ताल पर थे। वे लगातार मराठा आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जरांगे चाहते हैं कि मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण दिया जाए। मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराटी में शनिवार को विरोध प्रदर्शन शुरू किया और चेतावनी दी थी कि अगर सरकार इस मुद्दे का तुरंत समाधान नहीं करती है तो वह नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेना भी बंद कर देंगे।

जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार गुरुवार को मंगला आरती के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस दौरान राज्य के नए सीएम मोहन चरण माझी के साथ उनका मंत्रिमंडल, पुरी के सांसद संबित पात्रा और बालासोर के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी मौजूद रहे। सभी ने द्वार खुलने के बाद मंदिर की परिक्रमा की। कोरोना काल में पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की सरकार ने मंदिर के अश्व द्वार (उत्तर द्वार), व्याघ्र द्वार (पश्चिम द्वार) और हस्ति द्वार (दक्षिण द्वार) बंद करने के आदेश दिए थे। सिर्फ सिंह द्वार ही खुला था, जिससे श्रद्धालु मंदिर में आते-जाते थे। इस कारण मंदिर में भारी भीड़ और लंबी कतारें लगी रहती थीं। श्रद्धालु लंबे वक्त से सभी द्वार खोलने की मांग कर रहे थे।

18 को जारी होगी किसान सम्मान की किस्त

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के 9.3 करोड़ों किसानों को 2-2 हजार रुपए की किस्त ट्रांसफर करेंगे। इसमें 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे। इससे पहले 28 फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी हुई थी। इसमें 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा किसानों को ट्रांसफर किए गए थे। इस योजना के तहत सरकार हर साल किसानों के अकाउंट में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में 6000 रुपए ट्रांसफर करती है।

एनटीए ने 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स किए रद्द, दोबारा देना होगा एग्जाम...23 जून को परीक्षा होगी, 30 जून तक मिलेगा रिजल्ट

नीट छात्रों की बड़ी जीत!

भोपाल। सुप्रीम कोर्ट ने गुरूवार याचिकाकर्ता को कहा कि आपकी बात एनटीए ने मान ली है। वो ग्रेस मार्क को हटा रहे है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा की केवल वो छात्र ही शामिल होंगे जिनको ग्रेस मार्किंग मिली थी। एनटी ने कहा 23 जून को दोबारा परीक्षा (1563) होगी उसके बाद काउंसलिंग होगी। एनटीए ने कहा की तीसरी याचिका में पेपर लीक का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष नही है। एनटीए ने कहा कि परीणाम 30 जून से पहले आ सकता है। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हैं, जिसमें से ग्रेस मार्क्स, री-एग्जाम और परीक्षा कैंसिल वाली याचिकाओं पर गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ मामले की सुनवाई करेगी। नीट परीक्षा को लेकर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में भी सुनवाई हुई है। हाईकोर्ट ने कहा है कि काउंसलिंग नहीं रोकी जाएगी। वहीं, एनटीए ने कहा है कि वे हाईकोर्ट में दायर सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर कराने के लिए पिटीशन फाइल करेंगे। **किसी छात्र का नुकसान नहीं होने देंगे-** उधर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला है। एनडीए में भ्रष्टाचार नहीं मिला है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री बोले- पेपर लीक होने का कोई सबूत नहीं

दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। नीट की परीक्षा में 24 लाख छात्र बैठे। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और यह सुनवाई 1563 छात्रों के संबंध में है। सरकार कोर्ट में जवाब देने के लिए तैयार है। इस मुद्दे पर सरकार ने शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों की एक समिति बनाई जा रही है। इस समिति की रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एनटीए ने देश में तीन बड़ी परीक्षाएं नीट, जेईई और सीयूईटी सफलतापूर्वक आयोजित कराईं हैं। घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं छात्रों और उनके परिजनों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत सरकार और एनटीए सभी प्रभावितों को न्याय दिलाएगी। 24 लाख छात्रों ने सफलतापूर्वक नीट की परीक्षा दी है। कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। न ही इसका कोई सबूत मिला है। 1563 बच्चों की दोबारा परीक्षा के लिए कोर्ट ने जो तरीका सुझाया है, उसके मुताबिक ही काम होगा और हम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में दी विकास की सौगात, कहा....

प्रदेश की 212 नदियों के जल का होगा संरक्षण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को रीवा दौरे पर रहे। उन्होंने कहा कि रीवा से हमारा गहरा नाता है। मेरी ससुराल है। साथ ही संस्कृति को बचाने का माध्यम भी है। मुख्यमंत्री ने यहां जल गंगा संवर्धन अभियान में हिस्सा लिया। मंच से उन्होंने कहा कि चित्रकूट के जंगल में यदि कोई भूल से चला जाए तो भूखे नहीं मर सकता। ऐसी भगवान की कृपा है। आयोजन का उद्देश्य है कि जन-जन में यह भाव पैदा हो कि हमारे जो भी जल स्त्रोत हैं, उनका संरक्षण किया जाए। सभी पुरानी जल संरचनाओं को संभालने की जिम्मेवारी हमारी है। रीवा में जो भी पुरानी जल संरचना है, उसके लिए जो भी जरूरत होगी, वो बताएं। सरकार उसे पूरा करेगी। जहां भी नदी किनारे जल संरक्षण की पुरानी संरचनाएं बनी हैं, उन्हें संरक्षित करने का काम सरकार करेगी। प्रदेश की 212 नदियों के जल का संरक्षण का लक्ष्य रखा है। सीएम ने कहा कि गोमाता की चिंता अगर भारत में नहीं करेंगे। मध्यप्रदेश में नहीं करेंगे, तो कौन करेगा। इसके लिए हमने प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 20 रुपए की जगह 40 रुपए का बजट दिया। सभी विधायकों से आग्रह करेंगे कि प्रत्येक विधानसभा में ऐसी गोशाला खोले, जिसमें दिव्यांग गायों को संरक्षित किया जा सके। जिस गाय को रखने में किसान को परेशानी हो, वैसी गायों को इन गोशालाओं में स्थान देकर सेवा का प्रकल्प विकसित किया जाए। मंच पर मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह मौजूद हैं। इसके बाद सीएम लक्ष्मण बाग मंदिर परिसर बावड़ी की साफ-सफाई और बिछिया नदी के घाट के साफ-सफाई में भी शामिल होंगे। अंत में मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में जनसभा करेंगे।

70 करोड़ से अधिक राशि के कार्यों का शिलान्यास

मुख्यमंत्री मोहन यादव 70 करोड़ 91 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही 48 करोड़ 2 लाख रुपए के 58 कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के 47 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन और 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का निर्माण भी शामिल है। इसके अलावा 22 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत के 14 निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी होना है, जिसमें दो अनुसूचित जाति छात्रावास, 8 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन और 2 पुलों के निर्माण कार्य शामिल हैं।

26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव

राष्ट्रपति ने अधिसूचना जारी की

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव संपन्ना होने के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। सरकार का गठन होने के साथ ही मंत्रियों को उनके मंत्रालय भी सौंप दिए गए हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 18वीं लोकसभा का स्पीकर कौन होगा? इस प्रश्न का उत्तर 26 जून को मिल जाएगा। दरअसल 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। उधर इस तरह की भी खबरें हैं कि राजस्थान की कोटा-बूंदी सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले ओम बिड़ला को एक बार फिर से लोकसभा स्पीकर की कमान सौंपी जा सकती है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पत्नी की बहन डी पुरुंदेश्वरी के नाम पर भी चर्चा चल रही है।

हिमाचल का दिल्ली को पानी देने से इनकार

एक दिन पहले हामी भरी थी

नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। हिमाचल प्रदेश ने कोर्ट को बताया कि हमारे पास दिल्ली को देने के लिए 136 क्यूसेक पानी नहीं है। जबकि एक दिन पहले हिमाचल ने कहा था कि हमारी तरफ से पानी छोड़ा गया है। हरियाणा की तरफ से पानी सप्लाई किया जाना बाकी है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना के पानी का बंटवारा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। हमारे पास दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच जल-बंटवारे के फॉर्मूले पर फैसला लेने की टेक्निकल एक्सपर्टीज नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ दिया। कोर्ट ने कहा कि यमुना रिवर बोर्ड ने पहले ही दिल्ली को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन जमा करने का निर्देश दिया है।

शहीद कबीर दास का छिंदवाड़ा में अंतिम संस्कार

सीआरपीएफ जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर; कटुआ आतंकी हमले में घायल हुए थे

छिंदवाड़ा। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में जवान शहीद कबीर दास उईके का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीआरपीएफ जवानों ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद शहीद कबीर को उनके घर के पीछे खेत में दफनाया गया। यहां स्मारक बनाया जाएगा। इससे पहले शहीद की पार्थिव देह पहले हवाई मार्ग से गुरुवार सुबह नागपुर लाई गई। यहां से सडक मार्ग से पैतृक गांव पुलपुलडोह (मरजातपुर) ले जाया गया। उनकी अंतिम यात्रा के दर्शन करने के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़ गए। अंतिम संस्कार के समय सीआरपीएफ के आईजी सुखबीर सिंह सोढी और डीआईजी नीतू सिंह भी मौजूद रहीं। वही, छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और एसपी मनीष खत्री भी मौजूद थे। मंगलवार रात 8 बजे जम्मू-कश्मीर के कटुआ जिले के हीरानगर स्थित सैदा सुखल गांव में आतंकी हमला हुआ था।

जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में राष्ट्रगान को शामिल करने के निर्देश

घाटी के स्कूलों में गूंजेगा जन गण मन...

नई दिल्ली। शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के हर स्कूलों में सुबह की असेंबली की शुरआत करने और इसमें अनिवार्य रूप से राष्ट्रगान को शामिल करने का निर्देश दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र के माध्यम से सभी स्कूलों को केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की सभा को एक समान बनाने का निर्देश दिया। बुधवार को जारी सर्कुलर में कहा गया, मानक प्रोटोकॉल के अनुसार सुबह की सभा की शुरूआत राष्ट्रगान से होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि मॉर्निंग असेंबली छात्रों के बीच एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक अमूल्य अनुष्ठान साबित हुई हैं। असेंबली नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करते हैं। हालांकि, यह देखा गया है कि इस तरह के एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान/परंपरा को जेके यूटी के विभिन्न स्कूलों में समान रूप से नहीं चलाया जा रहा है। सर्कुलर में स्कूलों को पालन करने के लिए 16 कदम सुझाए गए थे। विभाग ने अतिथि वक्ताओं को आमंत्रित करने, पर्यावरण के बारे में जागरूकता पैदा करने और नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ स्कूलों को सुबह की सभाओं में शामिल करने के कुछ कदमों के रूप में सुझाव दिया। पीएम को दी गई जम्मू-कश्मीर के हाल की जानकारी उधर, प्रधानमंत्री ने एनएसए और अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की। पीएम को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी हालात की पूरी जानकारी दी गई और उन्हें आतंकवाद विरोधी प्रयासों से अवगत कराया गया। पीएम ने उनसे हमारी आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा स्पेक्ट्रम तैनात करने को कहा। पीएम ने गृहमंत्री अमित शाह से बात की और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंक विरोधी अभियानों पर चर्चा की। एलजी मनोज सिन्हा से भी पीएम मोदी ने की बात पीएम ने जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा से भी बात की और जम्मू-कश्मीर के हालात का जायजा लिया। पीएम को स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई।

लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखेगी भाजपा

पीएम मोदी विदेश से लौटने के बाद करेंगे फैसला

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने मीडिया में आ रही खबरों को खारिज करते हुए बताया कि किसी भी सहयोगी दल की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर कोई मांग नहीं आई है।

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष का पद भारतीय जनता पार्टी अपने पास ही रखने जा रही है। यानी 18वीं लोकसभा में भी भाजपा का ही कोई सांसद लोकसभा का अध्यक्ष चुना जाएगा। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने मीडिया में आ रही खबरों को खारिज करते हुए बताया कि किसी भी सहयोगी दल की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर कोई मांग नहीं आई है। भाजपा जल्द ही पहले पार्टी के स्तर पर इस पर विचार करेगी और पार्टी द्वारा नाम पर फैसला किए जाने के बाद एनडीए के सहयोगी दलों के साथ भी विचार-विमर्श कर उस नाम पर सर्वसम्मति बनाई जाएगी। मोदी के पहले कार्यकाल में महाजन तो दूसरे में बिरला थे अध्यक्ष मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में मध्य प्रदेश की इंदौर से भाजपा की लोकसभा सांसद सुमित्रा महाजन को और दूसरे कार्यकाल में राजस्थान के कोटा से भाजपा सांसद ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुना गया था। लेकिन इस बार के तीसरे कार्यकाल में भाजपा के पास 2014 और 2019 की तरह लोकसभा में बहुमत नहीं है। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि टीडीपी लोकसभा के अध्यक्ष का पद मांग रही है। जेडीयू से भी लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने की बात सामने आई लेकिन भाजपा के वरिष्ठ नेता ने इन खबरों को महज अटकलें बताते हुए खारिज कर दिया।

24 जून से शुरू होगा 18वीं लोकसभा का पहला सत्र

24 जून से शुरू होने जा रहे 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान भाजपा अपनी पार्टी के किसी सांसद के नाम को लेकर विपक्षी दलों से भी संपर्क साधेगी, ताकि सदन में सर्वसम्मति से लोकसभा के नए अध्यक्ष का चयन हो सके। अगर सरकार के प्रस्ताव को विपक्षी दल स्वीकार कर लेते हैं, तो चुनाव की नौबत नहीं आएगी। लेकिन अगर विपक्ष अपनी तरफ से भी उम्मीदवार खड़ा करता है, तो 26 जून को लोकसभा में नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान हो सकता है। दोनों ही सूरत में लोकसभा के नए अध्यक्ष 26 जून को कार्यभार संभाल लेंगे।

रोड़वेज बस में पार्सल में रखे सोने की 22.510 ग्राम वजनी 09 रखड़ी चोरी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफतार

♦भारत टाइम्स♦

बर कैलाश गुर्जर। श्री चूनाराम जाट कढर जिला पुलिस अधीक्षक पाली ने बताया दिनांक 12.06.2024 को प्रार्थी बाबूलाल सोनी, निवासी शास्त्री नगर, रोज अस्पताल के पास, पाली ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 10.06.2024 को रोडवेज बस में पार्सल में रखे 22.510 ग्राम सोने के आभूषण चोरी की वारदात की गम्भीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विपिन शर्मा आरपीएस व श्री जितेन्द्र सिंह राठौड़ पुलिस उपधीक्षक पाली शहर निर्देशन में व श्री किशोरसिंह भाटी नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली के नेतृत्व में वारदात का पदार्फाश हेतु निम्न टीम का गठन किया गया। गठित टीमः- 1. श्री सम्पतराज सउनि पुलिस थाना कोतवाली पाली। 2. श्री जितेन्द्र बागोरा कानि. 719 पुलिस थाना कोतवाली। 3. श्री प्रेमसुख कानि. 915 पुलिस थाना कोतवाली। 4. श्री महेश कुमार कानि. 370 पुलिस थाना कोतवाली। 5. श्री खीयाराम कानि. 1291 पुलिस थाना कोतवाली। विवरणः- दिनांक 12.06.2024 को प्रार्थी श्री बाबूलाल पुत्र श्री भंवरलाल, जाति सोनी, निवासी शास्त्री नगर, रोज अस्पताल के पास, पाली ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट पेश की कि मेरी पाली में एस. अजंली ज्वैलर्स के नाम से फर्म है, जहा पर ऑर्डर पर सोने चांदी के आभूषण तैयार करता हूँ। मेरे ग्राहक राजेश शर्मा निवासी अजमेर के ऑर्डर पर मैने नो सोने की रखड़ी जिसका वजन 22.510 ग्राम तैयार कर रोडवेज बस नम्बर आरजे 09पीए/190 में ड्राईवर तेजाराम को अजमेर में मेरे ग्राहक राजेश शर्मा को देने के लिए दिए। पार्सल राजेश शर्मा को डिलीवर नही होने पर मैने बस ड्राईवर तेजराम को पूछा तो बताया कि मैने पार्सल को खूब ढूंढा मिल नही रहा है। कोई चोरी कर ले गया वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 290/2024 धारा 379 भादस में दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस थाना कोतवाली की टीम के द्वारा तत्काल चोरी की रिपोर्ट प्राप्त होते ही तकनीकी व आसूचना सकंलन की तो पता चला कि ड्राईवर तेजाराम के अलावा बस में सवार सज्जनसिंह को सोने के आभूषण से पैक पार्सल की जानकारी थी, जो बस से पार्सल चुराकर सोजत बिलाड़ा मोड़ पर उतर गया व अपना मोबाईल स्विच ऑफ कर फरार हो गया। जिस पर टीम के द्वारा लगातार तकनीकी सहयोग, आसूचना सकंलन कर आरोपी का पता लगाया जाकर दस्तयाब किया गया व आरोपी से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गयी तो वारदात करना स्वीकार किया व उसके कब्जे से शत प्रतिशत माल नौ सोने की रखड़ी बरामद की गई। गिरफतारशुदा मुलजिम का विवरण :- 1. श्री सज्जनसिंह उर्फ सवाई पुत्र श्री लक्ष्मणसिंह, उम्र 48 साल, निवासी गांव झुरली, पुलिस थाना बिलाड़ा जिला जोधपुर ग्रामीण।

उपखण्ड अधिकारी पूरण राम की अध्यक्षता में रायपुर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम

♦भारत टाइम्स♦

बर कैलाश गुर्जर। रायपुर उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम उपखंड अधिकारी पूरण राम की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। जनसुनवाई में दोपहर दो बजे तक शिकायते सुनकर संबंधित विभागों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। सेंदड़ा सरपंच रतन सिंह भाटी ने आबादी क्षेत्र में जंगली जानवरों को रोकने के लिए वन क्षेत्र में चारदीवारी व तारबंदी कराने,02 जून 2024 को घायल झाड़ली मानपुरा निवासी देवेंद्र सिंह को मुआवजा दिलाने, रोडवेज बस चालक परिचालकों को सेंदड़ा कस्बे के अंदर आने के लिए पाबंद कराने,20 अगस्त 2022 को डूबने से धोलिया निवासी जय सिंह की मौत हो गई थी अभी तक परिजनों को मुआवजा नहीं मिला उसे दिलाने,रेलवे में अवाप्त धोलिया के पुराने विद्यालय भवन का मुआवजा विद्यालय कोष में जमा करवाने, राष्ट्रीय राजमार्ग 162 सेलीबेरी चौराहे पर हादसे की रोकथाम को लेकर एक तरफ रोड बनवाने, रेलवे अंडर पासों में जमा मिट्टी को बारिश से पूर्व हटवाकर रोशनी की व्यवस्था करवाने, जल जीवन मिशन के अधूरे पर कार्यों को पूरा कराने, राजमार्ग पर कंटीली झाड़ियां को हटवाने,सेंदड़ा के मोटा का बाडिया,झाड़ली मानपुरा, कुरातिया सरहद में पुराने हाईवे पर सुरक्षा दीवार की मरम्मत कराने सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में रायपुर विकास अधिकारी आदेश कुमार मीणा,रायपुर तहसीलदार पुष्पेंद्र कुमार पांचाल सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

धरना चौथे दिन भी जारी, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

♦भारत टाइम्स♦

शिव खेत सिंह राजपुरोहित। शिव ग्राम पंचायत झांफली कलां के ग्रामीणों का ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार व अनियमितताओं को लेकर धरना चौथे दिन भी जारी रहा है और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। धरणार्थी डा.कुन्दनदान ने बताया कि धरने को समर्थन देने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आरटीआई कार्यकर्ता भगवान सिंह लाबराऊ, आरटीआई खींवराजसिंह रणधा में धरना स्थल पर उपस्थित रहे। धरने पर आए भगवान सिंह लाबराऊ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद बताया कि हमारे संगठन राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संगठन का इस धरने को पूरा समर्थन है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन, वंचित, शोषित, पीड़ित की आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाना ही हमारा उद्देश्य है। ग्राम पंचायत झांफली कलां में विकास कार्यों में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की बिन्दूवार जानकारी का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपकर जांच की मांग की है। धरने पर लादूदान चारण, जुजारदान, अर्जुनसिंह, बाबूलाल धीर, रुगवीरसिंह, भेरुदान, भेरुसिंह, वार्डपंच रणवीर दान, मूलदान, लालू दान, भोमसिंह, पुखराज सिंह, मेघ सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

रायपुर मारवाड़ उपखण्ड स्तरीय त्रिस्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ

ब्लॉक स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ

♦भारत टाइम्स♦

महावीर प्रसाद खींची। रायपुर मारवाड़ पंचायत समिति परिसर में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह जून 2024 की उपखण्ड स्तरीय द्वितीय बैठक गुरूवार को जनसुनवाई पंचायत समिति रायपुर के वी.सी. कक्ष में विडियों कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित हुई। उक्त जनसुनवाई में जनप्रतिनिधि श्रीमती कमला चौहान प्रधान पंचायत समिति रायपुर, रतनसिंह भाटी सरपंच सेंदडा,महेन्द्र सिंह चौहान पूर्व सदस्य ने उपस्थिति दर्ज कर अपने परिवाद जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी पूरण कुमार को प्रस्तुत कर त्वरित निस्तारण करवाने हेतु निवेदन किया गया। उपखण्ड अधिकारी द्वारा विभागाध्यक्ष को जनसुनवाई के दौरान प्राप्त अन्य शिकायतों के त्वरित गुणवतापूर्ण निस्तारण कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 परिवाद प्राप्त हुए जिसमें से 5 परिवाद का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष 15 शिकायतो को संबंधित विभागाध्यक्ष को प्रेषित की गई। जनसुनवाई के पश्चात उपखण्ड अधिकारी द्वारा ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों के साथ ब्लॉक स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक, अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21.06.2024 की पूर्व तैयारी को लेकर बैठक एवं सघन वृक्षारोपण अभियान 2024 लेकर उपस्थित समस्त विभागाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। ब्लॉक स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में हुई समीक्षा बैठक की पालना रिपोर्ट लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित समस्त विभागाध्यक्ष को उनके विभाग मे चल रही राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट एवं आमजन से प्राप्त परिवादों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तहसीलदार रायपुर एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति रायपुर को आपस मे समंवय कर स्वामित्व योजना से शेष रही पंचायतो का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करवाने हेतु निर्देशित किया गया। विकास अधिकारी पंचायत समिति रायपुर को पेंशन का भौतिक सत्यापन आगामी 3 दिवस मे शत प्रतिशत करवाने हेतु कहा गया। सहायक अभियंता जन स्वा. एवं अभियांत्रिकी विभाग को जेजेएम के तहत बकाया कनेक्शन को पूर्ण करवाने एवं लीकेज का त्वरित निस्तारण करवाने हेतु कहा गया। विभागाध्यक्ष को पूर्व में किये गये निरीक्षण की पालना रिपोर्ट भिजवाने हेतु अवगत करवाया गया। चिकित्सा अधिकारी को आरएमआरएस बैठक एवं शक्ति दिवस की प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाने हेतु कहा गया। विद्युत विभाग को एफआरटी टीम से तुंरत फाल्ट निकलवाकर विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने हेतु निर्देशित किया गया। आपदा प्रबंधन हेतु तहसीलदार रायपुर को तहसील स्तरीय आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष (ई.ओ.सी.) को 247 संचालित किये जाने हेतु प्रथक से आदेश जारी करने हेतु कहा गया। बाढ/अतिवृष्टि के दौरान आवश्यक संसाधनों एवं गौताखोर, तैराक प्रत्येक गांव में चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग को बांध एवं भराव क्षेत्र के नजदीक साईन बोर्ड लगवाने, मिट्टी के कट्टे भरवाने इत्यादि आवश्यक कार्य हेतु निर्देशित किया गया। विकास अधिकारी पंचायत समिति रायपुर को ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक सामग्री रस्सी, मिट्टी के कट्टे, टॉर्च, नाव, ट्यूब इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लॉक स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए स्थान चयन करना अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21जून को उपखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले आयोजन हेतु ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रायपुर एवं नोडल आयुर्वेद विभाग रायपुर को आपस में समन्वय कर योग दिवस हेतु स्थान का चयन करने, समस्त आवश्यक व्यवस्था, विकास अधिकारी पंचायत समिति रायपुर को योग दिवस के दिन बैठक व्यवस्था, माईक, पानी, बैनर इत्यादि सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत करवाया गया कि राजकीय उच्च मा. वि. रायपुर मे प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8बजे तक योगा अभ्यास करवाया जा रहा हैं, जिसमे अधिक से अधिक कर्मचारीयो एवं आमजन की उपस्थिति सुनिश्चित करावे।सघन वृक्षारोपण अभियान 2024 के तहत उपखण्ड क्षेत्र रायपुर मे लगाये जाने वाले स्थानो के चयन एवं उनकी सार संभाल / देखरेख हेतु उपखण्ड अधिकारी द्वारा अधिकाधिक वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित करने के संबंध में निर्देश प्रदान किये जाने पर विकास अधिकारी पंचायत समिति रायपुर द्वारा 1 (एक) लाख पौधे उपखण्ड क्षेत्र में लगाने का लक्ष्य बताया गया। विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त विभागध्यक्ष को वृक्षारोपण हेतु स्थान का चयन एवं पूर्व तैयारी करने हेतु कहा गया। समस्त विभागध्यक्ष को अवगत करवाया गया कि वृक्षारोपण की पूर्व तैयारी का उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी द्वारा समय समय पर निरक्षण भी किया जायेगा। समीक्षा बैठक में ये रहे मौजूद उपखण्ड अधिकारी पूरण कुमार, तहसीलदार पुष्पेन्द्र पांचाल, विकास अधिकारी आदेश कुमार मीणा, थानाधिकारी जगदीश चौधरी पुलिस थाना सेंदडा, सहायक खनिज अभियंता स्वरूप सिंह गहलोत, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ढगलाराम बागडी, सहायक अभियंता वाटर शेड कपिल भार्गव, सहायक अभि. सार्वजनिक निर्माण विभाग दुगार्राम, सहायक अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग नाथूराम सीरवी, ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ चेतन प्रकाश सेन, डॉ नरेश कुमावत, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलकिशोर, एएसआई भंवरलाल पुलिस थाना रायपुर,लोकेश टाक सूचना सहायक उपखण्ड कार्यालय इत्यादि उपस्थिति हुए।

मित्र की याद में दो मित्रों ने रक्तदान का कारवां बढ़ा दिया

♦भारत टाइम्स♦

भीनमाल (सतीश सुंदेशा)। विश्व रक्तदान दिवस पर एक मित्र की याद में दो मित्रों ने रक्तदान का कारवां बढ़ा दिया। भीनमाल के सतीश सेन और सुरेश नामा ने अपने मित्र पृथ्वी बंजारा की रक्त की कमी से हुई मौत के बाद रक्तदान के मिशन को एक कारवां का रूप दे दिया पिछले कुछ वर्षों पहले रक्तदान की एक छोटी सी मुहिम को चलाकर यूथ फॉर नेशन संस्था बनाकर हजारों लोगों को रक्त उपलब्ध करवा रहे हैं। संस्था जालौर जिले के साथ-साथ पूरे देश में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बड़ा नेटवर्क बनाकर क्षेत्र के लोगों को रक्त उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। वर्तमान में संस्था के सुरेश नामा और सतीश सेन को राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। यह संस्था समय-समय पर गांव में कैंप आयोजित व सामाजिक समारोह में रक्तदान को लेकर मोटिवेशन भी करती हैं इस जीवन दाहिनी मुहिम में सैकड़ो कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं।

बालक नाथ जी महाराज की 19 वीं बरसी पर विशाल भजन संध्या आज

बांजाकुड़ी(रजत टाक)। क्षेत्र के जस्सा नाथ महाराज मंडी रास में आज एक शाम श्री श्री 1008 पीर श्री बालक नाथ जी महाराज के नाम भजन संध्या आयोजित होगी भजन संध्या को लेकर श्री श्री 1008 श्री नारायण जी महाराज ने बताया कि श्री श्री 1008 पीर श्री बालक नाथ जी महाराज की 19वीं बरसी पर आज विशाल भजन संध्या आयोजित हो गई विशाल भजन संध्या में भजन सम्राट प्रेमनाथ डेगाना द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी वही शनिवार को सुबह हवन पूजन और महा आरती होगी महा आरती होगी जिसमें गुरु महाराज के शिष्य और संत महात्मा और कहीं भक्ति भाग लेंगे मंदिर को रंग रोशन और रंग बिरंगी की रोशनी से सजाया गया है।

जेरण में दुदेश्वर महादेव में दो दिवसीय का कार्यक्रम आज से

जेरण में आज गीता बहन भजनों की देगी प्रस्तुति

♦भारत टाइम्स♦

भीनमाल(सतीश सुंदेशा)। निकटवर्ती जेरण गांव मे दूदेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोद्धार व रामचंद्र मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रथम वार्षिक उत्सव ध्वजारोहण समारोह दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आज 14 व 15 जून होगा। कार्यक्रम के दौरान 14 जून रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत गुजरात की प्रसिद्ध गायिका गीता बहन की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएगी। साथ ही कलाकर नरपत देवासी बालोतरा व मंच संचालक मीठालाल जागीड की ओर से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जायेगी। 15 जून शनिवार को ध्वजारोहण व भोजन प्रसादी का अयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग भाग लेने आसपास के गांव से हजारों लोग पहुंचेंगे।

आवश्यकता

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स ओर अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147

9799911545

मुख्यमंत्री का मूंडिया दौरा

स्व. कर्नल बैंसला का जीवन सदैव देशसेवा में रहा समर्पित

- समृद्ध और खुशहाल किसान के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार
- पूर्ववर्ती सरकार करती थी लुभावने वादे, नहीं था गरीब से कोई सरोकार
- ईआरसीपी से पूर्वी राजस्थान की जल आवश्यकता होगी पूरी
- मूंडिया को दी सौगात : पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने की घोषणा
- स्व. कर्नल बैंसला के स्मरण में शैक्षणिक संस्थान खोलने पर राज्य सरकार करेगी विचार

♦भारत टाइम्स♦

यादराम वर्मा गंगापुर सिटी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने अपना पूरा जीवन देश एवं समाज की सेवा में समर्पित किया। उनके जीवन से युवाओं को राष्ट्र को प्रथम मानकर देश-सेवा और सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समृद्ध एवं खुशहाल किसान की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मूंडिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने कहा कि स्व. कर्नल बैंसला के स्मरण में स्थानीय क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए उनके नाम से शैक्षणिक संस्थान खोलने पर राज्य सरकार विचार करेगी। श्री शर्मा गुरूवार को टोड़ाभीम के मूंडिया में स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम एवं विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामान्य परिवार में जन्मे श्री बैंसला ने अपनी लगन एवं मेहनत से एक ऊंचा मुकाम हासिल किया। शिक्षक की नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने करीब तीन दशक तक भारतीय सेना में रहते हुए चीन एवं पाकिस्तान के खिलाफ युद्धों में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिब्राल्टर की चट्टान स्व. श्री बैंसला ने सेना से सेवानिवृत्ति के बाद समाज में असमानता, अशिक्षा और पिछड़ेपन के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह, शादियों में फिजूलखर्ची और दहेज-प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म करने में अहम योगदान दिया। किसानों को मिल रहा आर्थिक संबल मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। केन्द्र एवं राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतिगत निर्णयों के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में पदभार ग्रहण करते ही सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने का काम किया है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत प्रथम चरण में राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये की गई है। जनकल्याणकारी योजनाओं से पूर्ववर्ती सरकार ने प्रदेशवासियों को रखा वंचित श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत ह्यहर घर नल से जलह्न के संकल्प से प्रदेशवासियों को वंचित रखा। राज्य में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने केवल लुभावने वादे किए, गरीब से उनका कोई सरोकार नहीं था। गांवों में सड़क-पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं किया गया। लेकिन अब हमारी सरकार प्रदेशवासियों से किए प्रत्येक वादे को पूरा करेगी। श्री शर्मा ने किसानों के हित में लिए गए निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने 40 हजार से अधिक कृषि कनेक्शन तथा 50 हजार से अधिक किसानों के खेतों में सोलर पंप स्थापित करने की स्वीकृति जारी की है। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में 5 लाख गोपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही, 248 मोबाइल वेटेनरी इकाइयों के माध्यम से पशुओं को त्वरित चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन गंगापुर सिटी के पूर्व विधायक श्री मानसिंह गुर्जर ने कियो श्री दौलत बैंसला ने मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित कियो इससे पहले मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मूंडिया गांव स्थित ह्यप्रेरणास्थलह्न पर स्वर्गीय कर्नल बैंसला की प्रतिमा का अनावरण किया तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह के दौरान गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भड़ाना, करौली के विधायक श्री दर्शन सिंह गुर्जर, पूर्व सांसद श्रीमती रंजीता कोली, श्री विजय बैंसला, गंगापुर सिटी नगर परिषद के सभापति श्री शिवरतन अग्रवाल, प्रधान श्रीमती मंजू गुर्जर, मूंडिया की सरपंच श्रीमती सजन दीपक करेला, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी, पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर, सवाई माधोपुर की पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक, एवं बड़ी संख्या में किसान व आमजन उपस्थित रहे।

जल जीवन मिशन के घोटालेबाजों को जेल भेजेगी सरकार, ईआरसीपी का शीघ्र होगा काम प्रारंभ- मुख्यमंत्री

किसान नेताओं ने मूड़िया में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार से कराया अवगत, ईआरसीपी का कार्य प्रारंभ करने की रखी मांग

♦भारत टाइम्स♦

हिंडौन सिटी/ टोडाभीम। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों में हुए भ्रष्टाचार को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। घोटालेबाजों को सरकार हर हाल में जेल भेजेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वी राजस्थान की लाइफ लाइन माने जाने वाली ईआरसीपी के कार्य को सरकार शीघ्र प्रारंभ करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को टोडाभीम के गांव मूडिया में सामाजिक क्रांति के पुरोधा कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला की मूर्ति का अनावरण करने के बाद किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मूर्ति अनावरण के दौरान किसान संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट और प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर जल जीवन मिशन के तहत करौली और गंगापुर

सिटी जिलों में स्वीकृत कार्यों में हुए भारी भ्रष्टाचार से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही ईआरसीपी का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग को लेकर भी एक अलग से ज्ञापन दिया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गंभीरता व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में कहा कि जल जीवन मिशन में पहले पानी का स्रोत देखा जाना चाहिए था, लेकिन शुरू से ही घोटाला करने की नीयत के चलते पानी का स्रोत जाने बिना टंकियां खड़ी कर दी गईं और सड़कों को खोदकर पाइप लाइनों का जाल बिछा दिया गया। इससे सरकार की योजना को बड़ा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा और घोटालेबाजों को जेल भेजा जाएगा। करोड़ों खर्च, फिर भी नही मिला एक बूंद पानी मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में किसान नेता अमरसिंह नीमरोट और दीनदयाल सारस्वत ने उल्लेख किया कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर घर जल पहुंचाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है, लेकिन पूर्ववर्ती राज्य की कांग्रेस सरकार में हुए भारी भ्रष्टाचार के कारण करौली व गंगापुर सिटी जिलों के शहर व गांवों में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों को भ्रष्टाचार ने निगल लिया है। करौली जिले के करौली, हिण्डौन, सपोटरा और गंगापुर सिटी जिले के टोडाभीम खण्ड में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों में 20 प्रतिशत पानी भी आमजन को नहीं मिल पाया है। उल्लेख किया कि जल जीवन मिशन में सर्वप्रथम पेयजल स्त्रोत जानने के बाद ही अग्रिम कार्य टंकी निर्माण, पाइप लाइन बिछाना, घर-घर कनेक्शन आदि अन्य कार्य किए जाने थे, लेकिन लगभग सभी स्वीकृत स्थानों पर पेयजल स्त्रोत जाने बिना ही टंकी निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं घर-घर कनेक्शन के कार्य पूरे होना बताकर भारी भ्रष्टाचार करते हुए भुगतान उठा लिया गया है। बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हिण्डौन, करौली, सपोटरा व टोडाभीम में स्वीकत कार्यों में खोदे गए नलकूपों में निर्धारित वजन और मोटाई में पाइप नहीं डाले गए हैं। दिखावे के तौर पर जल योजना में 15-20 फीट की गहराई तक निर्धारित वजन के पाइप डाल दिए है, जबकि 20 फीट के नीचे गहराई में महज 80 किलो वजन के पाइप डाले गए हैं, जो बडी अनियमितता है। इसी तरह नलकूपों में उपयोग में ली गई केसिंग पाइप अत्यंत घटिया किस्म के हैं। संवेदकों ने पाइपों की खरीद किसी निर्धारित विश्वसनीय कंपनी से करने के बजाय स्थानीय स्तर पर ही घटिया कारखाने से खरीदे हैं। पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी निर्धारित शर्तों के अनुसार नहीं किया गया है। खंड हिण्डौन, करौली और टोडाभीम में एक ही खुदाई में 2 से 3 लाइनें डाल दी गई हैं, जबकि भुगतान अलग-अलग खुदाई व लाइनों का उठाया गया है। संवेदकों ने नलकूपों की खुदाई डीटीएच मशीन से की है, जबकि रोटरी मशीन से खुदाई बताकर भुगतान उठाया गया है। इसके साथ बिना ग्रेवल किए ही भुगतान रोटरी ग्रेवल का उठा लिया गया है। जल जीवन मिशन में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए कनेक्शन संबंधी कार्य में भी बडा भ्रष्टाचार हुआ है। नियमानुसार प्रत्येक घर में नल कनेक्शन विधिवत फिटिंग किए जाने थे, लेकिन घर के बाहर नीले रंग की नली डालकर छोड दिया है, इसे हिण्डौन, टोडाभीम, करौली व सपोटरा के गांवों में स्वीकत जल योजना के कार्यों में बखूबी देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री से मांग की गई कि जल जीवन मिशन में करौली व गंगापुर सिटी जिलों के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खंडों में हुए घोटाले की जांच कराने के लिए एसआईटी का गठन करते हुए उच्चस्तरीय जांच कराएं और दोषियों को हर हाल में दंडित कर जरूरतमंदों को पेयजल उपलब्ध कराएं। ईआरसीपी में देरी, पूर्वी राजस्थान के विकास में बाधक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को किसान संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट और प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने ज्ञापन देकर अवगत कराया कि ईआरसीपी में देरी होने से पूर्वी राजस्थान का विकास बाधक हो रहा है। उल्लेख किया कि पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों के लिए स्वीकृत पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी, एकीकृत ईआरसीपी-पीकेसी) का कार्य प्रारंभ नहीं होने से करोडों किसानों के साथ आमजन में निराशा का माहौल है। पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में ईआरसीपी को स्वीकृत कराने के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना (पानी वाले बाबा) के बैनर तले चार साल तक किसानों और आमजन को जागरूक व एकजुट करने के साथ बडी लडाई लडी गई। गांव और ढाणियों में जाकर आमजन को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से बताया गया। तभी से पूर्वी राजस्थान के किसान चंबल का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक आने के लिए आशा लगाए हुए हैं। कहा कि राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने ईआरसीपी के तहत पानी उपलबध कराने का कोई सकारात्मक कार्य नहीं किया। इसी कारण विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्वी राजस्थान के आमजन ने कांग्रेस सरकार का तख्ता पलटने का कार्य किया। पूर्वी राजस्थान के करोडों लोगों ने विधानसभा चुनाव-2023 में भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री से मांग की गई कि ईआरसीपी का काम प्रारंभ होने से पेयजल और सिंचाई के लिए पानी को तरस रहे पूर्वी राजस्थान के करोडों कंठों की प्यास बुझ सकेगी तथा बंजर होते खेत पुनः हरे-भरे होकर लहलहा सकेंगे।

ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 15 जून को वाया जोधपुर चलेगी कुछ ट्रेनें

जयपुर मंडल पर अनुरक्षण कार्य

रानीखेत समेत अनेक प्रमुख ट्रेनों का मेड़ता रोड-जोधपुर के रास्ते होगा संचालन,रुकेगी भी

♦भारत टाइम्स♦

जोधपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के किशनगढ़-मंडावरिया स्टेशनों के बीच तकनीकी कार्य कराए जाने के कारण 15 जून को कुछ ट्रेनें बदले मार्ग से चलकर वाया जोधपुर गुजरेगी और रास्ते के स्टेशनों पर ठहराव भी करेगी। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर के किशनगढ़-मंडावरिया स्टेशनों के मध्य एलएचएस निर्माण के अंतर्गत आरसीसी बॉक्स स्थापित करने हेतु 16 जून को ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा जिससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा तथा कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इसमें से अनेक ट्रेनें वाया मेड़ता रोड-जोधपुर गुजरेगी और चिन्हित स्टेशनों पर इनके किए गए ठहराव से स्थानीय यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक ब्लॉक के कारण प्रमुख ट्रेनें श्रीगंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अमरपुर अरावली एक्सप्रेस, वाराणसी-साबरमती वीकली एक्सप्रेस, पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट और हरिद्वार-साबरमती स्पेशल एक्सप्रेस जोधपुर के परिवर्तित मार्ग से चलेगी। मार्ग परिवर्तित रेल सेवाएं इस प्रकार से हैं:- ट्रेन 14701,श्रीगंगानगर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस जो 15 जून को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग रींगस-फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन के रास्ते संचालित होगी और परिवर्तित मार्ग में कुचामन सिटी,मकराना,डेगाना,मेड़ता रोड-जोधपुर व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन 19408, वाराणसी- साबरमती एक्सप्रेस जो 15 जून को वाराणसी से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह फुलेरा,मकराना, डेगाना,जोधपुर व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन 20937, पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस जो 15 जून को पोरबंदर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग मारवाड़ जंक्शन-जोधपुर-मेड़ता रोड-डेगाना-रतनगढ़-चूरु-लोहारु व रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा मार्ग में लूनी,जोधपुर,मेड़ता रोड़,डेगाना, रतनगढ़,चूरु,सादुलपुर और लोहारु स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन 09426,हरिद्वार- साबरमती एक्सप्रेस जो 15 जून को हरिद्वार से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित होगी तथा मार्ग में मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड ,जोधपुर व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। रानीखेत एक्सप्रेस भी वाया मेड़ता-डेगाना-मकराना होगी संचालित ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 15014,काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस जो 15 जून को काठगोदाम से प्रस्थान करेगी वह रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर होकर जैसलमेर जाएगी तथा परिवर्तित मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना,रींगस, फुलेरा, कुचामन सिटी, मकराना,डेगाना व मेड़ता रोड स्टेशनों पर ठहराव करेगी। 15013, जैसलमेर- काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस जो 16 जून को जैसलमेर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर चलेगी तथा मार्ग के मेड़ता रोड, डेगाना-मकराना-कुचामन सिटी-फुलेरा-रींगस-नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

राजस्थान प्रशासनिक सेवा में नव चयनित गर्ग का अभिनंदन किया

बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल गर्ग ने कठोर परिश्रम का फल बताया

♦भारत टाइम्स♦

बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव। खारिया मीठापुर निवासी नवरतन गर्ग के राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर एक सादे समारोह में अभिनंदन किया गया आर ए एस नवरतन गर्ग का जन्म 29 जुलाई 1994 को बिलाड़ा विधायक अर्जुनलाल गर्ग के घर बिलाड़ा तहसील के खारिया मीठापुर गांव में हुआ। छः भाई बहनों में सबसे छोटे नवरतन गर्ग 10 वीं तक की शिक्षा पैतृक गांव खारिया मीठापुर में सरस्वती बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय में की। 10 वीं में 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बिलाड़ा तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12वीं विज्ञान वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलाड़ा से की। उस दौरान गर्ग को इंस्पायर अवार्ड मिला जिसमे उन्होंने हाइड्रोलिक्स बेस्ड मशीन्स का वर्किंग मॉडल भी बनाया जिसे जोधपुर जिले मे

प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और उनके मॉडल का चयन राजस्थान के टॉप 5 मॉडल्स में हुआ और दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान मेले में भी भाग लेते हुए माडल प्रदर्शित किया। ग्रेजुएशन बी.टेक (मैकेनिकल) में जीत कॉलेज जोधपुर से की। फिर सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू की। प्रथम बार 2018 में आरएएस प्री क्वालिफाई किया लेकिन इंटरव्यू कॉल नही हुआ, दुसरे प्रयास आर ए एस 2021 में फाइनल सलेक्शन हुआ जिसमें कृषि विपणन राज्य सेवा में विपणन अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली। अभी वर्तमान में हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में प्रशिक्षु अधिकारी के तौर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उनके इस चयन को लेकर क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक अर्जुनलाल गर्ग ने एक सादे समारोह के दौरान अभिनंदन किया जिसमें बिलाड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष रूपसिंह परिहार, उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, बिलाड़ा प्रधान प्रगति कुमारी शिवराज सिंह भाटी, पीपाड़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह, सुरेंद्र टाक, पूर्व राज्यसभा सांसद रामनारायण डूडी के प्रतिनिधि के रूप में बाबूलाल डूडी, भोपालगढ़ के पूर्व विधायक पुखराज गर्ग, दुगाराम सुथार, गणपत राम गोदारा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश भंवरिया, जिला परिषद सदस्य कमला ओमप्रकाश भंवरिया, पूर्व पीपाड़ देहात मंडल अध्यक्ष बक्साराम कच्छावा, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष विक्रमसिंह राठौड़, बोरुंदा पूर्व सरपंच हनुमान सिंह राठौड़, भीखसिंह मेड़तिया, बहादुर सिंह राठौड़, मादलिया के पूर्व सरपंच भूराराम खदाव, पूर्व प्रधान सुमित्रा बिश्नोई, शिवराम लाम्बा, भंवरलाल विश्नोई, गंगाराम लालर, रामप्रकाश खोजा हरियाढाणा, पूर्व सरपंच रणवीर सिंह, मनमोहन मेघवाल, पूर्व सरपंच गीतादेवी गर्ग खारिया, माइनिंग इंजीनियर नंदकिशोर गर्ग, डॉक्टर निर्मल गर्ग, शिक्षाविद जीवाराम, चंद्र प्रकाश गोयल, युनूस पठान व गोपाल वैष्णव खारिया मीठापुर तथा सोहनलाल वैष्णव सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

विवाहिता की हत्या करने वालों की गिरफ्तारी के लिए मुख्यमंत्री से मिले पटेल

हिंडौन सिटी/ टोडाभीम। गांव नंगला मीणा के पंच पटेल गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मूड़िया गांव में मिले और दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के मामले में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की पुरजोर ढंग से मांग की। राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट सहित नंगला मीणा गांव के पटेल हीरालाल मीणा, छुट्टन पटेल, रामसरा पटेल, काडू पटेल, भूरसिंह, मुनेश, शीशराम मीना, गौतम, बाबू सिंह, शिवचरण, मानसिंह, कानाराम आदि ने बताया कि नंगला मीना गांव की निवासी बिटिया काजल का विवाह 23 अप्रैल 2024 को वजीरपुर के गांव सेवा निवासी गोपाल पुत्र धारा सिंह मीणा के साथ हुआ था। आरोप है कि काजल के हाथों से मेहंदी फीकी भी नहीं पड़ी, उससे पहले ही महज एक माह बाद दहेज के लिए ससुराल पक्ष के लोगों ने जहर देकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में गंगापुर सिटी जिले के वजीरपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके बाद भी पुलिस ने अभी तक अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया है।

गर्मी की गहरी जुताई से भूमि की दशा में होता है सुधार : डा.भाकर

खेत पर किसान गोष्ठी

♦भारत टाइम्स♦

,बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव। कृषि उद्यानिकी अधिकारियों ने खेतों में पहूंच कर कृषि-उद्यानिकी सुविधाओं पर किसानों से की विस्तृत चर्चा। उपनिदेशक उद्यान जोधपुर डा. जे.आर. भाकर ने कहा कि अच्छी पैदावार के लिए भारी मृदाओं में गर्मी की गहरी जुताई से लाभ होता है। भारी मृदाओं में गर्मी की जुताई करने से भूमि में हवा व पानी का अनुपात बना रहता है। गर्मी की गहरी जुताई से भूमि की उर्वरा शक्ति, भौतिक संरचना में सुधार होता है। गहरी जुताई से गर्मी में तेज धूप से खेत में खरपतवार के बीज, कीट के अण्डे तेज गर्मी में नष्ट हो जाते है।वर्षा जल का भूमि में संचयन का भी फायेदा होता है। खरीफ फसलों के उन्नत किस्म के बीज, बीजोंपचार, कृषि-उद्यानिकी की विभिन्न योजना में देय सुविधाओं में लाभ के लिए जैसे सामुदायिक जल संग्रहण ढांचा बागवानी में नीबूं, अनार, बेर और खजूर की नवाचार खेती, फव्वारा, बूंद बूंद सिचांई पद्धति को लेकर किसानों से विस्तार से चर्चा कर आवेदन प्रक्रिया को बताया। नवीन अनार बगीचा स्थापित एवं बूंद बूंद

सिचांई पद्धति के लिए अनुदान देय है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर योजना में लाभान्वित हो सकते है। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता तन्मय सेन, सहायक निदेशक उद्यान यूरी नायला चौधरी, कृषि अधिकारी घनश्यामसिंह, सहायक कृषि अधिकारी रफीक अहमद कुरैशी, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक जोराराम विश्नोई, आत्माराम, कृ.प.अकबर बोरुन्दिया सहित किसान मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर 15 जून को राजसमंद में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे शिक्षा मंत्री

राजसमंद विद्याधर वैष्णव। शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर राजसमंद जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रम अनुसार वे 14 जून शुक्रवार को देर रात राजसमंद पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 15 जून शनिवार को सुबह 11 बजे पिपलांत्री में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे भीलवाड़ा रोड भावा स्थित नोबल पब्लिक स्कूल में आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह, स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा अभिनंदन समारोह, अमृत पर्यावरण समारोह के अंतर्गत 'एक पेड़ देश के नाम' विषय पर परिचर्चा करेंगे। वे शाम 4:30 बजे पिपलांत्री राजसमंद में एनिकट तथा विद्यालय कक्ष का शिलान्यास करेंगे। पर्यावरण संरक्षण जल संचयन एवं आदर्श ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ अमृत पर्यावरण महोत्सव पर संवाद करेंगे। वे पिपलांत्री में ही रात्रि विश्राम करेंगे तथा 16 जून रविवार को सुबह है 8 बजे पाली के लिए प्रस्थान करेंगे।

आज परिवर्तित मार्ग से चलेगी मरुधर एक्सप्रेस

जोधपुर। उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के टूंडला-आगरा फोर्ट रेल खंड पर यमुना ब्रिज-आगरा फोर्ट स्टेशनों के मध्य यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण मरुधर एक्सप्रेस शुक्रवार को परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के तहत यार्ड रिमॉडलिंग के कारण ट्रेन 14864,जोधपुर - वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस जो 14 जून को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग बांदीकुई-आगरा कैंट-उदीमोड-इटावा होकर संचालित होगी । ट्रेन आगरा फोर्ट,टूंडला व शिकोहाबाद स्टेशनों पर नहीं जाएगी। उन्होंने बताया कि यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण ही ट्रेन 15631,बाड़मेर -गुवाहाटी एक्सप्रेस जो 17 जून को बाड़मेर से प्रस्थान करेगी वह उत्तर मध्य रेलवे पर 40 मिनट रेगुलेट रहेगी।

एसपी, कलेक्टर ने छात्र-छात्रा को किया सम्मानित

फोटो एसपी,कलेक्टर द्वारा सम्मानित होते छात्र,छात्रा

♦भारत टाइम्स♦

आमेट विद्याधर वैष्णव। राजसमंद जिला कलेक्टर डॉ भंवरलाल,जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा राजसमंद में संचालित आलोक स्कूल के विद्यार्थियों को कक्षा 12 वीं,10 वीं में अच्छे अंक लाने पर सम्मानित किया गया।मिली जानकारी के अनुसार आलोक स्कूल राजसमन्द में पढ़ाई करने वाले छात्र वासुदेव पिता ओम सिंह सौदा ने 12 वी में 95 अंक प्राप्त किये तथा छात्रा पूर्वा पिता किशोर सिंह सौदा ने 10 वी में 83 अंक प्राप्त करने पर उनको सम्मानित किया गया।जहां पूर्वा व वासुदेव ने सीबीएसई बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया।दोनो के पिता राजसमन्द पुलिस विभाग में एएसआई देलवाड़ा व हेड कांस्टेबल कुआथल चौकी पद पर कार्यरत है।

सामाजिक क्रांति के लिए सदैव याद रहेंगे कर्नल बैंसला- रविन्द्र मीना

मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ शामिल हुए युवा नेता रविन्द्र मीना

♦भारत टाइम्स♦

मूड़िया/(टोडाभीम)। युवा नेता एडवोकेट रविन्द्र मीना ने कहा है कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला सामाजिक क्रांति के पुरोधा थे, उन्हें सामाजिक जागरूकता और उन्नति के लिए सदैव याद रखा जाएगा। एडवोकेट मीना गुरुवार को टोडाभीम के गांव मूडिया में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की मूर्ति अनावरण के बाद आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम रविन्द्र मीना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम के साथ प्रमुख रूप से शामिल हुए। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए रविंद्र मीणा ने कहा कि टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में सर्वसमाज के लोगों ने विधानसभा चुनाव के दौरान उनके पिता भाजपा प्रत्याशी रामनिवास मीना को अपार स्नेह और समर्थन प्रदान किया, जिसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि टोडाभीम

विधानसभा क्षेत्र में विकास की अत्यंत आवश्यकता है। शिक्षा, सड़क, पेयजल, बिजली आदि मूलभूत आवश्यकताओं के लिए क्षेत्र के लोग बहुत ही परेशान हैं। ऐसे में सरकार को आमजन की तकलीफ दूर करने का कार्य प्रमुखता से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया और सामाजिक कुरीतियों के साथ फिजूलखर्ची को रोकने की प्रमुख रूप से पहल की, जिसका गुर्जर समाज में सकारात्मक परिणाम दिखाई पड़ रहा है। इस दौरान कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के परिजनों के साथ मूड़िया गांव के पंच पटेलों ने रविंद्र मीणा का कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का चित्र भेंटकर भव्य स्वागत सम्मान भी किया।

संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक....

देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठारहवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है।

आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड हो क्यों न हो।

> आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं।

बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों का जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए, अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और उहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं।

सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है। यह खुशी की बात है कि केन्द्र में बनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमण्डल में ऐसी विवशता को काफी सीमा तक नियंत्रित किया गया है। सीमाओं पर राष्ट्र की सुरक्षा करने वालों की केवल एक ही मांग सुनने में आती है कि मरने के बाद हमारी लाश हमारे घर पहुंचा दी जाए। ऐसा जब पढ़ते तो हमारा मस्तक उन जवानों को सलाम करता है, लगता है कि देश भक्ति और कुर्बानी का माद्दा अभी तक मरा नहीं है। लेकिन राजनीति में ऐसा आदर्श कब उपस्थित होगा। राजनीति में चरित्र एवं नैतिकता के दीये की रोशनी मन्द पड़ गई है, तेल डालना होगा। दिल्ली सरकार में मंत्रियों के घरों पर सीबीआई के छापे और जेल की सलाखें हो या बिहार मंत्री परिषद के गठन में अपराधी तत्वों की ताजपोशी-ये गंभीर मसले हैं, जिन पर राजनीति में गहन बहस हो, राजनीति के शुद्धिकरण का सार्थक प्रयास हो, यह नया भारत -सशक्त भारत की प्राथमिकताएं होनी ही चाहिए।

सभी अपनी-अपनी पहचान एवं स्वार्थपूर्ति के लिए दौड़ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं। कोई पैसे से, कोई अपनी सुंदरता से, कोई विद्वता से, कोई व्यवहार से अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए प्रयास करते हैं। राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो।

NEET कराएगा विधानसभा चुनावों में बीजेपी का नुकसान?

NEET 2024 परीक्षा NTA द्वारा 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा MBBS और उससे संबंधित कोर्सों में एडमिशन के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा को लेकर बवाल मचा हुआ है। 67 लोगों को एक साथ पहली रैंक मिलने को लेकर स्टूडेंट्स और विपक्षी दल हंगामा कर रहे हैं। ग्रेस मार्क्स और रिजल्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गईं। जिसके बाद केंद्र ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा नीट-यूजी 2024 के 1563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स देने का फैसला रद्द कर दिया गया है। इन 1563 छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प भी दिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने आज नीट-यूजी, 2024 परीक्षा के विवाद से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। 2024 परीक्षा द्वारा 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। हालाँकि शुरूआत में परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी, लेकिन रिजल्ट 4 जून को जारी कर दिया गया था। 67 छात्रों को मिले फुल मार्क्स जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में पेपर लीक, ग्रेस मार्क्स से संबंधित कई याचिकाएं दायर की गईं। याचिका में ग्रेस मार्क्स देने पर सवाल उठाया गया, क्योंकि एनटीए द्वारा पहले ऐसा नहीं किया गया था। इसमें मांग की गई कि एनटीए उन 1,563 उम्मीदवारों की डीटेल्स दे जिन्हें ग्रेस मार्क्स मिले हैं। साथ ही उनके ओरिजिनल मार्क्स, ग्रेस मार्क्स और रिवाइस्ड मार्क्स की जानकारी दी जाये। इन अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर 10 जून को बड़ी संख्या में छात्रों ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि ग्रेस मार्क्स की वजह से 67 छात्रों की टॉप रैंक आई। 67 छात्रों को 720 फुल मार्क्स मिले। **हरियाणा विधानसभा चुनावों पर नीट का असर-** हरियाणा सरकार के कुरूक्षेत्र केंद्र से 90 छात्रों ने नीट में सफलता हासिल की। हरियाणा सरकार द्वारा गैर सरकारी संगठन विकल्प के सहयोग से कुरुक्षेत्र में चलाए जा रहे ''सुपर 100'' कार्यक्रम में नामांकित सभी श्रेणियों के लगभग 90 छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) उत्तीर्ण की। हैरानी की बात यह है कि टॉपर्स में से 8 हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र से थे। आप ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप इन सबके बीच आम आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-यूजी में कई अनियमितताएं बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुईं जो भाजपा या उससे जुड़ी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में बड़े घोटाले की ओर इशारा करती हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच की मांग करते हुए आप प्रवक्ता जैस्मिन शाह ने कहा कि बिहार और गुजरात से पेपर लीक की खबरें सामने आई हैं और परीक्षा के 67 टॉपर्स में से छह हरियाणा के झज्जर के एक ही केंद्र से थे। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनावों में इस मुद्दे का असर अदने की पूरी संभावना है और विपक्ष इसे उठाएगा भी। जिसके बाद भाजपा की दिल्ली इकाई ने निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिल्ली के छात्रों की सफलता का श्रेय लेना शर्मनाक है। भाजपा का पलटवार दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा, शुक्रवार शाम को शिक्षा मंत्री आतिशी ने परीक्षा प्रणाली की प्रशंसा की और दिल्ली के छात्रों के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय लिया। इसके ठीक विपरीत जैस्मिन शाह आज नीट परीक्षा के पेपर लीक होने से जुड़े घोटाले का आरोप लगा रही हैं। इससे आप के दोहरे मापदंड उजागर हो गए हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को दी कड़ी टक्कर अब राज्यसभा सीट के लिए करेगी दो-दो हाथ उन्होंने यह भी सवाल किया कि आतिशी ने राजधानी के छह विद्यालयों के 100% सक्सेस रेट का श्रेय क्यों लिया था, जबकि शाह एक साथ हरियाणा के झज्जर के छह टॉपर्स पर सवाल उठा रही थीं। प्रवीण कपूर ने कहा, ॡयह अफसोस की बात है कि आप नेता जो हरियाणा में राजनीतिक रूप से लगातार विफल रहे हैं, अब झज्जर में कोचिंग सिस्टम की इमेज खराब करने पर उतर आए हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों पर नीट परीक्षा का असर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से कराने का आह्वान किया। पटोले ने मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ॡभाजपा के सत्ता में आने के बाद नीट अस्तित्व में आया, यह भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। नीट की शुरूआत करके केंद्र सरकार ने देश भर में परीक्षाओं और प्रवेशों पर नियंत्रण कर लिया है। इसने अभिभावकों को नीट के ट्यूशन के लिए अधिक फीस का भुगतान करने के लिए मजबूर किया।ॡ उन्होंने आगे आरोप लगाया कि परीक्षा में भ्रष्टाचार गरीब छात्रों को सरकारी कॉलेजों में एडमिशन नहीं लेने दे रहा है। पटोले ने कहा, ॡहम नीट परीक्षा की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हैं। हालांकि, एनटीए ने किसी भी अनियमितता से इनकार किया है और छात्रों द्वारा प्राप्त उच्च अंकों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलावों और परीक्षा केंद्रों पर समय बर्बाद करने के लिए दिए गए ग्रेस मार्क्स को जिम्मेदार ठहराया है। पर, इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग ले लिया है और कई राजनीतिक दलों ने परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं।

संपादकीय

मणिपुर में उपद्रवियों के हौसले बढ़े, शांति बहाली में इच्छाशक्ति की कमी बड़ी चुनौती

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष, एक भ्रमपूर्ण बयान की वजह से भड़क उठा था। हालांकि अब वहां की अदालत खुद इस संभावना को खारिज कर चुकी है कि मैतेई समुदाय के लोगों को जनजातीय समुदाय का दर्जा दिया जाना चाहिए। एक वर्ष से अधिक समय बीत गया, मगर अभी तक मणिपुर में खूनी संघर्ष समाप्त नहीं हो पाया है। शुरू से ही वहां शांति बहाली के प्रयास शिथिल नजर आते हैं। प्रशासन और सुरक्षाबलों ने इच्छाशक्ति दिखाई होती, तो बहुत पहले इस समस्या का समाधान निकल गया होता। मगर उनकी भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। इसी का नतीजा है कि सोमवार को उपद्रवियों ने घात लगा कर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफिले पर हमला कर दिया। गनीमत है कि उसमें सिर्फ एक सिपाही घायल हुआ, कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इससे वहां के उपद्रवियों के हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की स्थिति पर जाहिर की चिंता अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि इतने लंबे समय से वहां अशांति का वातावरण है, मगर उसे हल करने की कोशिश नहीं की गई। इसे प्रथमिकता में रखते हुए शांति बहाली का प्रयास किया जाना चाहिए। पिछले दस वर्षों से वहां शांति का वातावरण था। हालांकि भागवत ने भी इस मामले में बयान देने में काफी वक्त लगा दिया। इसे लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल उठाते रहे हैं। संसद में भी प्रश्न पूछे गए, मगर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका। अभी तक पूछा जाता है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री क्यों खामोश हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष, एक भ्रमपूर्ण बयान की वजह से भड़क उठा था। हालांकि अब वहां की अदालत खुद इस संभावना को खारिज कर चुकी है कि मैतेई समुदाय के लोगों को जनजातीय समुदाय का दर्जा दिया जाना चाहिए। मगर न तो राज्य और न केंद्र सरकार मणिपुर के खूनी संघर्ष को रोक पाई है। शुरू में जरूर केंद्रीय गृहमंत्री वहां गए थे, मगर फिर कोई उल्लेखनीय कार्रवाई नहीं हो सकी। एक साल से शांति का इंतजार कर रहा मणिपुर, भागवत ने मोदी सरकार को चेताया बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच और कार्रवाई के लिए समितियां गठित कर दी, मगर उसका भी कोई नतीजा नजर नहीं आ रहा। पिछले वर्ष मई में शुरू हुए इस संघर्ष में अब तक सवा दो सौ से अधिक लोगों के मारे जाने, चार सौ से अधिक लोगों के घायल होने, हजारों घरों के जलाए जाने और साठ हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होकर राहत शिविरों में शरण लेने के तथ्य उजागर हैं। सरकारों को अब यह बहाना जरूर मिल गया है कि मणिपुर के संघर्ष को रोकने की कार्रवाई सर्वोच्च अदालत की निगरानी में चल रही है, इसलिए वे इसमें बहुत हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। मगर यह उनका अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेने का एक और तरीका है। यह समझना मुश्किल है कि कैसे कोई भी कल्याणकारी सरकार अपने नागरिकों को इस तरह मारकाट करते देखती रह सकती है। राज्य सरकार तो इस मामले में शुरू से नाकाम साबित हुई है, मगर केंद्र सरकार ने इस पर अपेक्षित गंभीरता क्यों नहीं दिखाई।

आस्था...

कब है ज्येष्ठ माह का दूसरा प्रदोष व्रत? जानिए तिथि, शुभ मुहूर्त और धार्मिक महत्व

वैदिक पंचांग के अनुसार बुध प्रदोष व्रत 19 जून को रखा जाएगा। आइए जानते हैं शुभ मुहूर्त और पूजा- विधि... प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित है- वैदिक पंचांग के अनुसार प्रदोष व्रत हर महीने की त्रयोदशी तिथि को किया जाता है। इस दिन मां पार्वती और भोलेनाथ की आराधना का विधान है। मान्यता के अनुसार, इस दिन लोग भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करते हैं। उनको भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। वहीं आपको बता दें कि इस साल ज्येष्ठ माह का दूसरा प्रदोष व्रत 19 जून को रखा जाएगा। आइए जानते हैं तिथि और शुभ मुहूर्त बुध ग्रह उदय होकर बनाएंगे ॡभद्र राजयोगॡ, इन 3 राशि वालों को आकस्मिक धनलाभ के साथ भाग्योदय के प्रबल योग

प्रदोष व्रत तिथि और शुभ मुहूर्त वैदिक पंचांग के मुताबिक ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 19 जून को सुबह 07 बजकर 29 मिनट पर हो रहा है। वहीं इस तिथि का अंत अगले दिन 20 जून को सुबह 07 बजकर 49 मिनट पर होगा। वहीं प्रदोष व्रत की पूजा शाम के समय करने का विधान है। इसलिए बुध प्रदोष व्रत 19 जून को रखा जाएगा। प्रदोष व्रत के दिन सूर्यास्त से 45 मिनट पहले और सूर्यास्त के 45 मिनट बाद तक भगवान शिव की पूजा का विधान होता है। जुलाई में 2 बार शुक्र देव करेंगे राशि परिवर्तन, इन राशियों की चमकेगी किस्मत, नई नौकरी के साथ होगा अपार धनलाभ ये होनी चाहिए सामग्री शिव पुराण के अनुसार प्रदोष व्रत की पूजा के लिए पुष्प, पंच फल, पंच मेवा, दक्षिणा, पूजा के बर्तन, कुशासन, दही, शुद्ध देशी घी, शहद, गंगा जल, पवित्र जल, पंच रस, इत्र, जनेऊ, पंच मिष्ठान्न, बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, बेर और शिव व मां पार्वती की श्रृंगार की सामग्री होनी चाहिए। प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें और फिर साफ सुथरे कपड़े धारण करें। हो सके तो पीले या सफेद कपड़े पहने। वहीं इसके बाद शिवालय में जाकर भगवान शिव का दूध, दही और मंचामृत से अभिषेक करें। उसके बाद भगवान शिव को पीले या सफेद चंदन से टीका लगाएं। साथ ही भगवान शिव को धतूरा, भांग और बेलपत्र भी अर्पित करें। इसके बाद प्रदोष व्रत कथा का पाठ करें, आरती करें। फिर भगवान का प्रसाद वितरण करें। इस दिन मां पार्वती का भी ध्यान करें। बुध प्रदोष व्रत महत्व इस दिन भोलेनाथ की पूजा करने से सुख- समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही राहु और केतु ग्रह के अशुभ प्रभाव से मुक्ति मिलती है।

आज का राशिफल

मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

मेष:आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। सरकारी क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों के लिए आज आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में कमजोर विषयों पर पकड़ बनाकर रखनी होगी, तभी वह लाभ कमा सकेंगे। पारिवारिक रिश्तों में यदि कुछ तनाव चल रहे थे, तो उनमे आज सुधार होगा। आप आप अपने मन की किसी बात को अपने पिताजी से बताएंगे और उसका समाधान भी आपको अवश्य मिलेगा। अविवाहित जातकों के लिए बेहतर अवसर आ सकते हैं।

वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

वृषभ: आज का दिन नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे जातकों के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि उन्हें आज कोई शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। छोटे व्यापारियों को आज मन मुताबिक लाभ कमाने का मौका मिलेगा, जिसे उन्हें पहचान कर उन पर अमल करना होगा। आज आपकी वाणी से प्रभावित होकर लोग आपसे मित्रता रखने की चेष्टा रखेंगे। नवविवाहित जातकों को आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, उनके जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप अपनी संतान से अपने मन की कुछ इच्छाओं को जाहिर करेंगे, जो उन्हें पूरी करते नजर आएंगे।

मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

मिथुन:आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए उत्तम रहने वाला है, क्योंकि वह कुछ आयोजनों का हिस्सा बनेंगे और जिनसे उन्हें लाभ भी होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही समस्याएं समाप्त होंगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक समाचार सुनने को मिल सकता है। यदि आप जीवनसाथी को कोई नया कार्य कराने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आज दिन बेहतर रहने वाला है। सायंकाल के समय आप किसी धार्मिक आयोजन में भी सम्मिलित होंगे। आपको अकस्मात किसी विपरीत समाचार को सुनकर आज यात्रा पर जाना पड़ेगस।

कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

कर्क:आज आपको किसी भी निर्णय को भावुकता में लेने से बचना होगा। यदि आपने ऐसा किया, तो वह निर्णय बाद में आपके लिए कोई परेशानी खड़ी कर सकता है। यदि आपका कोई संपत्ति संबंधित विवाद लंबे समय से चल रहा था, तो आज उसमें फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। राजनीति से जुड़े जातकों के लिए आज दिन उत्तम रहेगा, क्योंकि उन्हें कुछ नेताओं से मिलने का मौका मिलेगा। परिवार के सदस्यों से दूर नौकरी में कार्यरत लोगों को आज अपने परिवार के सदस्यों की याद सता सकती है, जिसके कारण वह उनसे मिलने भी आ सकते हैं।

सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

सिंह: आज का दिन आपके लिए कुछ परेशानियों भरा रहेगा। आपके परिवार में आज किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम पर भी चर्चा हो सकती है, जो लोग अपने धन को इन्वेस्ट करने के लिए सोच रहे हैं, उन्हें किसी वरिष्ठ सदस्य से सलाह मशवरा करना बेहतर रहेगा। यदि आपने साझेदारी में किसी व्यापार को किया हुआ है, तो आपको उसमें भरपूर लाभ मिलने की संभावना बनती दिख रही है, लेकिन आपको किसी से भी धन का लेनदेन करने से पहले सावधानी बरतनी होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने अधिकारियों से बातचीत करते समय सावधान रहना होगा।

कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

कन्या:आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि उनको आज अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, लेकिन बिजनेस कर रहे लोगों को आज अपने शत्रुओं से सावधान रहना होगा और किसी भी कार्य को सावधान होकर करना होगा। आपके जीवनसाथी के स्वास्थ्य में कोई गिरावट आ रही थी, तो आज उसमें अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिसके कारण आप प्रसन्न रहेंगे। आप अपनी संतान के संगति को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे और उनके बढ़ते हुए खर्चों पर भी लगाम लगा सकते हैं।

तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

तुला:आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने किसी परेशान मित्र की मदद के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई प्रसन्नता दायक समाचार सुनने को मिल सकता है, जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं, यदि उन्होंने अभी तक अपने साथी से अपने प्रेम का इजहार नहीं किया है, तो वह आज कर सकते हैं। सायंकाल के समय यदि आपका किसी आस-पड़ोस में कोई वाद विवाद पर हो, तो आपको उसमें बचना बेहतर रहेगा। आप अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्यों से अपने मन की कुछ बातों को साझा करेंगे।

वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

वृश्चिक:आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहेगा। यदि आप किसी भूमि, वाहन आदि खरीदने का विचार लंबे समय से बन रहा था, तो आपका वह सपना पूरा होगा और इसमें आपको घर वालों से भी तुरंत मंजूरी मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं के लिए अपने गुरुजनों से सलाह मशवरा करना पड़ेगा, तभी वह सफलता हासिल कर सकेंगे। आपको अपने धन को किसी को भी उधार देने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके रिश्तों में दरार पैदा करा सकता है। यदि माताजी को स्वास्थ्य में कुछ परेशानी आ रही थी।

धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

धनु: आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक जीवन में भाई बहनों के साथ अपने चल रहे संबंधों को भी सुधारेंगे और एक दूसरे की मदद के लिए आगे आएंगे। आपको आज कुछ सरकारी क्षेत्रों से भी लाभ मिलता दिख रहा है। जीवनसाथी को आप कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आप अपने लिए भी कुछ खरीदारी कर सकते हैं। सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को महिला सहकर्मियों से बातचीत करते समय अपने शब्दों को तोल मोलकर बोलना बेहतर रहेगा, नहीं तो कोई विवाद खड़ा हो सकता है।

मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

मकर: आज का दिन आपकी इच्छाओं की पूर्ति का दिन रहेगा। आप अपने मन की इच्छाओं को लेकर अपने परिवार के लोगों से विचार-विमर्श कर सकते हैं, लेकिन जो लोग अपने धीमी गति से चल रहे व्यवसाय को लेकर परेशान है, उन्हे किसी वरिष्ट सदस्य से सलाह मशवरा करना बेहतर रहेगा। आपका कोई पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद सुलझ जाएगा, जिसमें फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। यदि ससुराल पक्ष के सदस्यों में कोई आपसी वाद विवाद हो, तो आपको उसमें दोनों पक्षों की सुनकर फैसला लेना ही बेहतर रहेगा।

कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कुछ घर के जरूरी कामों को निपटाने में व्यस्त रहेंगे, जिनके कारण आप अपने कार्य क्षेत्र की ओर पूरा फोकस नहीं कर पाएंगे, लेकिन आपको अपने किसी पार्टनर पर भरोसा करने से पहले सावधान रहना होगा, नहीं तो वह आपका कोई नुकसान करा सकता है। यदि आपको कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या हो, तो उसमें डॉक्टरी परामर्श अवश्य लें, नहीं तो बाद में वह किसी बड़ी बीमारी का रूप ले सकता है। यदि आपकी माताजी से आपका कोई वैचारिक मतभेद चल रहा था, तो आज वह भी समाप्त होगा।

मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

मीन: आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशमय रहेगा, जिसे देखकर आप प्रसन्न रहेंगे और सुबह से ही आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। यदि संतान ने किसी परीक्षा का एग्जाम दिया था, तो उसका परिणाम आ सकता है, लेकिन आप अपने बढ़ते हुए खर्चों के लिए यदि बजट प्लान करके चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, नहीं तो बाद में आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आप अपने पिताजी से सलाह मशवरा करके अपनी कुछ समस्याओं को समाप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री का निर्णय, खुर्जा और बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण को मिलाकर गठित होगा नया प्राधिकरण

खुर्जा, बुलन्दशहर और मुरादाबाद के सुनियोजित विकास के लिए मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार

सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना आवश्यक, तैयार करें कार्ययोजना: मुख्यमंत्री

- सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज करें, ग्रीन बेल्ट के रूप में नहीं: मुख्यमंत्री
- नदियों, पोखरों व अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण स्वीकार नहीं, लखनऊ की कुकरैल नदी की तर्ज पर करें कार्यवाही: मुख्यमंत्री
- महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित हों
- जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं, नक्शा पास कराने जैसी सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो: मुख्यमंत्री

यह मिले दिशा-निर्देश

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के समक्ष आज एक उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलन्दशहर और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण के अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा निर्देश...
- खुर्जा और बुलन्दशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जनपद बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने और उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी कराएं।
- खुर्जा का सिरेमिक उद्योग देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। वर्ष 2021 में 13 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के सिरेमिक उत्पाद निर्यात किए गए। इस सेक्टर में अभी बहुत संभावना है। आवश्यकता है कि इससे जुड़े उद्यमियों, शिल्पियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्हें मार्केट उपलब्ध कराएं। सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं।
- जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट खुर्जा के समीप ही है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर का लाभ भी खुर्जा को मिल रहा है।यह विशेष स्थिति खुर्जा को भविष्य में निर्यात का हब बनने में बड़ी भूमिका निभाएगा। पॉटरी उद्योग के उद्यमियों के लिए एक नए इंडस्ट्रियल एरिया का विकास भी किया जाना चाहिए।
- रिड्यूज, रीयूज, रिसाइकिल की नीति के साथ सभी नगरों में सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ठोस कार्ययोजना होनी चाहिए। इसे महायोजना में स्थान दें। एसटीपी/सीईटीपी का निर्माण कराएं। लैंडफिल साइट पहले से चिन्हित हो। नई तकनीक को अपनाएं।
- मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण की स्थिति है। ऐसी ही स्थिति काशी, सहारनपुर आदि जनपदों में भी दे खी जा सकती है। अभी लखनऊ में कुकरैल नदी के पुनर्जीवन की कार्यवाही हो रही है। अवैध बसावट को हटा कर उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित कराया गया है। इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यवाही की जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करायें कि नदी बेसिन में कोई बसावट न हो। पुराने तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों को संरक्षित करें। अतिक्रमण हो तो तत्काल हटाएं।
- यह सुनिश्चित किया जाए कि हर नगर की महायोजना में हरित क्षेत्र के लिए आरक्षित हो। जहां कहीं भी ग्रीन बेल्ट है, वहां किसी भी दशा में नई कॉलोनी न बसने पाए।
- सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज किया जाए। किसी भी दशा में इसे ग्रीन बेल्ट न कहा जाए। इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाई जानी चाहिए।
- सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना होगा। इस इनर रिंग रोड के बगल में विभिन्न लिंक रोड पर सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। नगर के अंदर के कंजेशन को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि रिंग रोड के किनारे पर अलग-अलग व्यवसायिक गतिविधियों का विकास करने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। कहीं स्पोर्ट्स सिटी, मेड़ी सिटी, नॉलेज सिटी, नेचर पार्क, आयुष पार्क आदि का विकास किया जाना चाहिए।
- महायोजना में शामिल नई कॉलोनी के विकास पर ध्यान दें। वहां सड़क, सीवर, बिजली, पानी जैसी सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो। महायोजना को अंतिम रूप देते समय यह ध्यान रखें कि यदि कोई धार्मिक स्थान है तो उसे उसी रूप में दर्ज करें।
- नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। सड़कों के चौड़ीकरण करते समय ड्रेनेज और यूटिलिटी डाक्ट की व्यवस्था बेहतर ढंग से की जाए।
- जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं। नक्शा पास कराने जैसे सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो। प्राधिकरणों में अच्छे टाउन प्लानर की तैनाती करें। अपना दायरा बढ़ायें। आय के नए स्रोत सृजित करें।

वास्तविक सुख का रास्ता है अध्यात्म

♦भारत टाइम्स♦

डॉ. अलका अग्रवाल। सबसे पहले हमें यह जानना आवश्यक है कि वास्तविक सुख क्या है? अगर हम ये कहें कि आन्तरिक सुख ही वास्तविक सुख है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं और आन्तरिक सुख की प्राप्ति के रास्ते बाह्य सुख के रास्ते से सर्वथा भिन्न हैं। आन्तरिक सुख का प्रमुख स्रोत पदार्थ, साधन, सुविधाएं नहीं बल्कि आत्मा है। आनंद का निर्झर अन्दर ही बहता है। बाहर सुखों की तलाश करना, समय नष्ट करना ही है। भोग विलास सुविधाएं आन्तरिक सुख नहीं प्रदान कर सकते। आन्तरिक सुख प्राप्त करने के लिये अध्यात्म का रास्ता अपनाना पड़ता है। अध्यात्म के रास्ते पर चलकर व्यक्ति इस दुख भरे संसार में रहकर भी सुख की प्राप्ति कर सकता है। अच्छी पुस्तकों को पढ़कर उचित ज्ञान प्राप्त करना बहुत आवश्यक है। जिस तरह से दिन और रात होते हैं, प्रकाश व अन्धकार होता है, भूत और



भविष्य होता है, उसी तरह से बाह्य जीवन एवं आंतरिक जीवन भी होता है। बाह्य जीवन वह है जो पदार्थ एवं भौतिक साधनों से सुख की अनुभूति करता है और आन्तरिक मन को सुख की अनुभूति अध्यात्म से होती है। जिसकी वजह से आन्तरिक मन पवित्र एवं शुद्ध होता है। आन्तरिक मन को स्थिर व शुद्ध करने का सिर्फ एक ही उपाय है और वह आध्यात्मिकता के आधार पर पाया हुआ सुख। जो सांसारिक सुखों में लिप्त होकर सच्चे सुख को प्राप्त करना चाहता है वह उसका भ्रम है और वह इस मार्ग पर चलकर कभी सच्चा सुख प्राप्त नहीं कर पाएगा। अगर उसे कुछ समय के लिये सुख की प्राप्ति हो भी जायेगी तो थोड़ा-सा भी कष्ट या संकट आने पर वह बिखर जाएगा और गम में डूब जाएगा। उससे सामना करने या उस दुख से बाहर आने के लिये वह संघर्ष नहीं कर पाएगा। लेकिन अगर मनुष्य अध्यात्मिक सुख की प्राप्ति करता है तो वह विषम परिस्थितियों में भी सहज रहेगा और निर्लिप्त भाव से उसको सहन कर जाएगा और कीचड़ में कमल की भांति उनसे अलग ही रहेगा। वास्तविक सुख को आत्मसन्तोष, आत्म विकास, आत्म कल्याण द्वारा परिभाषित किया जा सकता है और अध्यात्म जिससे इसकी प्राप्ति होती है उसमें परहित, परोपकार, परामर्श आदि को संलग्न किया जा सकता है। स्वार्थ में अन्धे होकर दूसरों का हक छीनना, अन्याय करना, निंदा, घृणा आदि कार्य करना ही नारकीय जीवन है। जो अज्ञानवश इस रास्ते पर चल पड़ता है, वह अपना लोक व परलोक दोंनो ही बिगाड़ लेता है। अध्यात्म को अपनाकर व्यक्ति को अपना आचरण दोषरहित व निर्मल रखना चाहिए। उसे बेकार के लोभ, मोह-माया व स्वार्थ में नहीं पड़ना चाहिए। जो व्यक्ति उचित आचरण करते हैं उनके लिये धन सिर्फ एक साधन मात्र है। उसका उपयोग वे भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति में नहीं करते बल्कि उससे वे परहित व दूसरों का कल्याण करते हैं। अध्यात्म से अभिभूत व्यक्ति धन जैसी चंचला में कोई आसक्ति नहीं रखते हैं। मानव जीवन का एकमात्र उद्देश्य आनंद प्राप्ति है लेकिन आनंद कैसे प्राप्त किया जाए उसके विभिन्न रास्ते हैं परन्तु मनुष्य को अपने विवेक से काम लेकर सदैव ऐसे मार्ग का चयन करना चाहिए जहाँ उसे आनंद प्राप्ति के लिये वास्तविक व आन्तरिक सुख की प्राप्ति हो सके। हालांकि उसका रास्ता थोड़ा कठिन अवश्य है। वह त्याग मांगता है। लेकिन ऐसे त्याग में क्या बुराई जो आपका ये जीवन और अगला जीवन दोनो ही सुधार दे। अध्यात्म के मार्ग पर चलकर मन की मलिनता, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, लोभ, मोह, माया जैसे विकारों को दूर किया जा सकता है और इन विकारों के दूर होते ही मन पवित्र हो जाता है। वह सच्चे सुख की प्राप्ति कर लेता है। फिर उसे जीवन का कोई भी कष्ट असहनीय नहीं लगता और वह सन्तुष्टि के साथ अपना जीवन यापन करता है। (लेखिका मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक हैं।)

हर व्यक्ति जागरूक होकर समाज को नशा मुक्त शिक्षा के लिए आगे आए – महंत अर्जुनदास

♦भारत टाइम्स♦

बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव। ग्राम पंचायत खवासपुरा के राजस्व गांव घोड़ावट में अखिल भारतीय सरगरा समाज के महंत अर्जुनदास महाराज आवागमन में सरगरा समाज के लोगों ने महाराज का स्वागत सत्कार किया गया। जिसमें विभिन्न मार्गों से राजा बलि के जयकारों के साथ ढोल नगाड़ों और डीजे की मधुर धुन पर नाचते गाते श्रद्धालु पांडाल में पहुंचे। अर्जुनदास महाराज ने कहा कि शिक्षा और नशा मुक्ति पर समाज को ध्यान देना आवश्यक है। वही अखिल भारतीय सरगरा समाज के केंद्रीय धार्मिक स्थल धाम पिचियाक में मंदिर के जीर्णोद्धार विकास कार्य पर चर्चा की। और समाज के लोगो को कहा कि संतों एवं महापुरुषों चने सदैव राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधा है। समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। राष्ट्र निर्माण में संतों का अहम योगदान रहा है। संतों एवं महापुरुषों के बताए सिद्धांत ही हमारी रक्षा कर सकते है। संस्कारों के अभाव में संयुक्त परिवार टूट रहे है। इसलिए हमें सबसे पहले अपने परिवारों में संस्कारों को कायम करना होगा। सत्संग मानव जीवन की दिशा ही बदल देता है। संयम, धैर्य एवं शिष्टाचार सत्संग से ही मिलते हैं। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन सदैव भक्तों के कल्याण एवं मानव सेवा को समर्पित रहता है। संतों के जीवन से प्रेरणा लेकर व्यक्ति को समाज कल्याण में अपना योगदान करना चाहिए। मानव सेवा के लिए समर्पित रहे। इस अवसर पर महंत अर्जुनदास महाराज, समाज के कोषाध्यक्ष मदनलाल मारू, सरपंच कानाराम गौरी, राष्ट्रीय विकलांग एसोशिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश सरगरा, भूराराम गौरी, रतनलाल, हड़मान राम, गुलाब पीपाड़सिटी, लेखराज पुन्दलू, श्यामलाल कुरड़ाया आदि समाज के पंचगण इत्यादि रहे।

जिला न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह में 'सीड बॉल्स' प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

♦भारत टाइम्स♦

राजसमंद विद्याधर वैष्णव। जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने जिला कारागृह में सीड बॉल्स प्रशिक्षण का उद्घाटन कर कारागृह में निरुद्ध बंदियों तथा उपस्थित जिला कारागृह कार्मिकों को सीड बॉल्स के महत्व बताते हुए बंदियों को सीड बॉल्स बनाने व इसके प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बंदियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस कार्य के प्रति उत्साहित हुए।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गीता पाठक ने बताया कि सीड बॉल्स कारागृह में निरुद्ध बंदियों द्वारा तैयार करवाई जायेगी। बॉल्स को मानसून के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में न्यायिक कर्मचारियों द्वारा अंकुरित होने हेतु बिखेरे जायेंगे, जो भविष्य में वृक्ष का रूप धारण करेंगे।सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम व उद्घाटन में जेलर हेमन्त सालवी, आयुक्त नगर परिषद ब्रजेश राय, डीएफओ सुदर्शन शर्मा सहित जिला न्यायालय प्रबंधक दीपक शर्मा का सहयोग रहा।

प्रो. फिरोज परवेज का यू. के. में डिजाईन प्रकाशित

रोबस्ट फोरकास्टिंग मॉडल फॉर इलेक्ट्रिसिटी प्रेडिक्शन विथ एआई शीर्षक पर आधारित है डिजाइन

♦भारत टाइम्स♦

मंदसौर। मंदसौर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. फिरोज परवेज का यू.के. में डिजाईन प्रकाशित हुआ। यू.के. में प्रकाशित डिजाईन का शीर्षक ह्यरोबस्ट फोरकास्टिंग मॉडल फॉर इलेक्ट्रिसिटी प्रेडिक्शन विथ एआई है। इस डिजाईन में यह प्रस्तुत किया गया है कि एक महत्वपूर्ण अवधि में प्रति घंटा, दैनिक या मासिक बिजली के उपयोग का आंकड़ा एआई के माध्यम से जाना जा सकता है और भविष्य में इससे प्रासंगिक बिजली उत्पादन से लेकर इसके प्रयोग तक का डिजाईन प्रस्तुत किया गया

है। इस डिजाईन में लैग फीचर्स यानी कि प्रयोग की गई बिजली को उपयोग युक्त बनाना शामिल हो सकता है। इसके माध्यम से प्रो. परवेज द्वारा एआई के माध्यम से डाटा कलेक्शन, डेटा प्रीप्रोसेसिंग, फीचर इंजीनियरिंग, मॉडल चयन आदि का डिजाईन तैयार किया गया है। इस अवसर पर मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नरेन्द्र नाहटा ने प्रो. परवेज को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है कि हमारे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का डिजाईन यू.के. में प्रकाशित हो रहा है। साथ में विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपति प्रो.वी.एस.एस.कुमार ने भी प्रो. परवेज को बधाई देते हुए कहा कि हम यह आशा करते हैं कि प्रो. परवेज आगे भी और डिजाईन और शोध पत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित करेंगे और विश्वविद्यालय परिवार के बाकी सदस्यों को भी नए-नए विषयों पर शोध पत्र और पेटेंट प्रकाशित करने के लिए प्रेरित करेंगे।

मंजिल परियोजना अजमेर द्वारा नई जिंदगी फाउंडेशन में रोजगार मेले का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

राजसमंद। मंजिल परियोजना अजमेर द्वारा नई जिंदगी फाउंडेशन राजसमंद में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 6 से अधिक नियोक्ता आए जो जनरल ड्यूटी असिस्टेंट(GDA), रिटेल और बैंकिंग(BCBF) से संबंधित थे तथा 150 से अधिक युवा बालिकाओं ने रोजगार के लिए इंटरव्यू दिए ह्न नियोक्ताओं द्वारा लगभग 120 बालिकाओं का प्राथमिक चयन किया गया क रोजगार मेले में मंजिल परियोजना के जिला समन्वयक अजमेर मिलन शर्मा तथा प्लेसमेंट समन्वयक नरेश शर्मा ने बताया मंजिल परियोजना राजस्थान के 6 जिलों में आई. पी. ई. ग्लोबल द्वारा चलाई जा रही पंचवर्षीय योजना है जिसका उद्देश्य 14 से 21 साल की स्कूल ड्रॉपआउट लड़कियों को क्वालिटी स्किल ट्रेनिंग से जोड़ना और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है ताकि वह अपने निर्णय खुद ले सके और राज्य में बालिकाओं की कम उम्र में विवाह और कम उम्र में मां बनने की दर को घटाया जा सके ह्न नई जिंदगी फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रशांत शर्मा ने सभी चयनित बालिकाओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीक।

मैसूर में विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

मैसूरु। जीतो मैसूर चैप्टर रक्तदान महादान गौ भक्त संगठन मैसूरु के,(आरजीएस ग्रुप) के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समाजसेवी पृथ्वी सिंह चांदावत ने कहा की उनकी पूरी टीम समर्पित भाव से मानवता को बचाने के लिए रक्त का एक-एक बूंद बूंद से कीमती जाने बचाने के लिए काम आए तो मानवता लिए बहुत बड़ा इंसानियत के लिए शानदार कदम होगा। उन्होंने कहा उनकी पूरी टीम एक परिवार की तरह है जो हर दुख-सुख की घड़ी में हमेश हीं साथ रहकर धर्म और जातिवाद से ऊपर उठकर हम लोग मानवता की समर्पित भाव से और मातृभूमि की सेवा में एक रक्तदान करके एक बहुत बड़ा महादान होता है,इसके लिए रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। गौ भक्त वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के प्रेरक और सामाजिक कार्यकर्ता पृथ्वी सिंह चांदावत ने कोरोनावायरस जैसी महामारी के समय भी पूरी टीम ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाया और मानवता को बचाने के लिए कदम दर कदम कार्य किया है। लपी महामारी के समय भी गायों को इस घातक

बीमारी से बचाने के लिए समर्पित होकर परिवार की तरह अपना कर्तव्य निभाया था। अध्यक्ष बगदाराम कुमावत,संरक्षण पृथ्वी सिंह चांदावत संरक्षण महेंद्र सिंह राजपुरोहित (बन्नूर) सचिव चिरंजीलाल कुमावत ,गौतम जैन, पारस बोराणा,गुदडराम सीरवी, कांतिलाल चौहान, करमाराम सीरवी, गरिश भाई, हेमशा चांदावत के अलावा अनेक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

खेल संघों को नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश

♦भारत टाइम्स♦

राजसमंद विद्याधर वैष्णव। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के निदेर्शानुसार समस्त खेल संघो को नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की अक्षरशः पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी धर्म देव सिंह ने बताया कि भारत सरकार के युवा मामले व खेल मंत्रालय की ओर से 31 जनवरी 2011 से संपूर्ण भारत में नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 को लागू किया गया है। देश भर में यह कोड लागू है। इस कोड के माध्यम से देश भर के नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन, राज्य व जिला खेल संघ को समस्त गतिविधियों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, खेल हितेषी बनाने, खेलों को बढ़ावा देने, खेल संघ के चुनाव, सदस्यों का निर्वाचन, सदस्यता अवधि, एंटी डोपिंग नियम, आयु फ्रॉड को रोकना, खेल संघ का प्रबंधन, खेल संघ की गतिविधियों में पारदर्शिता, खेल संघो की वित्तीय मदद, खेल संघो का आयोजन आदि समस्त खेल गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रावधान व सुझाव हैं और साथ ही इसमें राज्य की गाइडलाइन को भी समायोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने, खेलों का स्वस्थ वातावरण तैयार करने के लिए यह अति आवश्यक है कि (समस्त स्तर के खेल संघ, क्लब व जिला खेल संघ आदि) कोड के नियमो की अक्षरशः पालना करें। समस्त खेल संघो को निर्देशित किया गया है कि नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड 2011 की पालना दो माह में करना सुनिश्चित करें। किसी खेल संघ की ओर से नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड 2011 की पालना नहीं होती है तो उस खेल संघ की मान्यता, संबद्धता समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गूगल पर जाकर नेशनल स्पोट्र्स डवलपमेंट कोड ऑफ इंडिया 2011 लिखने पर नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड 2011 की पीडीएफ फाइल ओपन हो जाएगी जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने समस्त खेल संघो से कोड को का गंभीरता से अध्ययन कर पालन करने की अपील की है।

> *साथ ही इसमें राज्य की गाइडलाइन को भी समायोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने, खेलों का स्वस्थ वातावरण तैयार करने के लिए यह अति आवश्यक है कि (समस्त स्तर के खेल संघ, क्लब व जिला खेल संघ आदि) कोड के नियमो की अक्षरशः पालना करें। समस्त खेल संघो को निर्देशित किया गया है कि नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड 2011 की पालना दो माह में करना सुनिश्चित करें। किसी खेल संघ की ओर से नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड 2011 की पालना नहीं होती है*

मेवाड़ विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति योजना की तिथि बढ़ाई

विद्यार्थी 10 जुलाई तक करा सकते है पंजीकरण

- योजना के तहत आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के 100 विद्यार्थियों को मिलेगी बेहतर उच्च शिक्षा

♦भारत टाइम्स♦

चित्तौड़गढ़ (अमित कुमार चेचानी)। मेवाड़ विश्वविद्यालय और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन ने देश भर में से आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के 100 विद्यार्थियों को बेहतर उच्च शिक्षा देने विभिन्न पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति की योजना शुरू की है। इसकी तिथि बढ़ाकर अब 10 जुलाई कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 30 जून निर्धारित थी। यह छात्रवृत्ति जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, विद्या भारती, डीएवी स्कूल और दूसरे बोर्ड के स्कूलों में 12वीं पास विद्यार्थियों को मिलेगी। इसमें ट्यूशन फीस का 50 प्रतिशत (पंजीकरण शुल्क, परीक्षा शुल्क) और छात्रावास शुल्क का 50 प्रतिशत विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा और शेष 50 प्रतिशत फीस मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी मेवाड़ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mewaruniversity.org पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा ने बताया कि इस स्कॉलरशिप का फायदा उठाने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, डीएवी, विद्या भारती में पढ़ाई करने वाले 12 वीं पास विद्यार्थियों को 80 प्रतिशत या उससे अधिक जबकि अन्य स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक होना अनिवार्य है। इसके अलावा 12वीं पास उन्हीं विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा जो आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के तबके से आते है। संबंधित विद्यार्थियों को ज़िला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र पंजीकरण के समय जमा करना होगा। विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी जिसमें मिले अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर उनका चयन होगा। यह छात्रवृत्ति योजना बीटेक, बीबीए-एमबीए (एकीकृत), बीएचएम, बीफॉर्मा, बीएससी (एग्रीकल्चर), बीएमएलटी, बीआरआईटी, बीओटीटी, बीओटी, बीपीटीए बीए-एलएलबी, बीबीए-एलएलबी आदि पाठ्यक्रमों के लिए मान्य होगी। कुलपति मिश्रा ने बताया कि छात्रवृत्ति योजना की तिथि 10 जुलाई करने से विद्यार्थियों को आवेदन करने के लिए अधिक सुविधा मिल सकेगी।

भामाशाह मालाराम ने पेश की मिसाल, छात्रावास में एक कमरे बनाने में सहयोग की घोसणा

नालासोपारा मुम्बई से एक बार फिर कमरे की घोषणा

♦भारत टाइम्स♦

मुम्बई। सीरवी शिक्षण संस्थान उदयपुर छात्रावास निर्माण के लिए शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच, भामाशाह मालाराम पुत्र खुमाराम सेपटा, गाँव दादाई हाल आशापुरा ट्रांसपोर्ट नालासोपारा मुम्बई ने आज सिरवी छात्रावास, उदयपुर हेतु 1 कमरे की बहुत ही महत्वपूर्ण घोषणा कर

छात्रावास निर्माण अभियान को गति प्रदान की। मालाराम ने बताया कि छात्रों के लिए छात्रावास का मुख्य उद्देश्य उन्हें ₹ घर से दूर घर ₹ प्रदान करना होना है, जहां वे पढाई के साथ साथ सहज महसूस कर सकें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें छात्रावास का जीवन छात्रों के लिए बहुत ही अच्छा होता है, जहाँ वे दूसरों की मदद करने, एक दुसरे को प्रोत्साहित करने, गाईडेंस करने, टीम वर्क, एकता, समायोजन, दूसरों की देखभाल करने और चीजों को साझा करने जैसी कई चीजों के बारे में सिखते है और सिखाते है। मालाराम की गौ सेवा, छात्र हित, शिक्षा व समग्र सामाजिक उत्थान की भावना के लिए उदयपुर शिक्षण संस्थान की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया। ये जानकारी उदयपुर शिक्षण संस्थान के सचिव दौलाराम सोलंकी द्वारा दी गई।

आगामी त्यौहारों के संबंध में कलेक्टर द्वारा शांति समिति की बैठक की गई

फिरोजपुर मुंबई जनता एक्सप्रेस शुरु की जाए साथ ही वीकली ट्रेनों को मेघनगर में स्टॉपेज की दरकार सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मोहर्रम के विसर्जन के लिए पोखर की समस्या बताई गई।

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों में शांति व्यवस्था बनाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों जिनमे 17 जून सोमवार को ईदुज्जुहा, 22 जून शनिवार को कबीर जयंती, 17 जुलाई बुधवार को मोहर्रम, 9 अगस्त शुक्रवार को नाग पंचमी जनजातीय दिवस,15 अगस्त शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस, 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन, 26 अगस्त सोमवार को जन्माष्टमी, 7 सितम्बर शनिवार को गणेश चतुर्थी, 13 सितम्बर शुक्रवार को तेजाजी जयंती, 14 सितम्बर शनिवार डोल ग्यारस, 16 सितम्बर सोमवार को मिलाद-उन-नबी एवं 17 सितम्बर मंगलवार को अनंत चतुर्दशी शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में चर्चा की गई। कई त्यौहारों में जुलूस, रैली एवं बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। किसी भी जुलूस में भय उत्पन्न करने वाली सामग्री ना हो। कई त्यौहारों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाता हैं जिन त्यौहारों में मूर्ति विसर्जन किया जाता है जगह-जगह पर मूर्ति विसर्जन के लिए काउंटर बनाए जाकर नगर पालिका के द्वारा मूर्ति विसर्जन किया जाए। जिससे कि विसर्जन स्थल पर भीड़ एकत्रित ना हो। सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मोहर्रम के विसर्जन के लिए पोखर की समस्या बताई गई। अन्य सदस्यों द्वारा स्लॉटर हाउस की उचित व्यवस्था की भी बात के साथ ही मन्नत लेने वाले व्यक्तियों को उनके परम्परागत अस्त्र के साथ जुलुस में प्रदर्शन की अनुमति मांगी गई एवं अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई, इस संबंध में कलेक्टर द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गये। कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा सभी को शुभकामनाए देते हुए कहा की सभी शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए। जिससे की किसी भी धर्म की धार्मिक भावनाओं को ठेस ना पहुंचे। इस दौरान अपर कलेक्टर एस.एस.मुजाल्दा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पी.एल कुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यनारायण दर्रो, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ हरिशंकर विश्वकर्मा एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुराने पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजित की बैठक

समिति द्वारा सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाने एवं चल समारोह भी शांतिपूर्वक निकाले जाने हेतु कहा गया।

♦भारत टाइम्स♦

रतलाम / जगदीश परमार। पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राकेश खाखा के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में दिनांक 13/06/2024 को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित शांति समिति बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राकेश खाखा, एडीएम रतलाम श्री आर एस मंडलोई, एसडीएम रतलाम शहर श्री संजीव कुमार पांडे, नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अभिनव बारंगे, तहसीलदार आदि द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। समिति द्वारा सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाने एवं चल समारोह भी शांतिपूर्वक निकाले जाने हेतु कहा गया। बैठक में शांति समिति सदस्यों में शहर काजी मौलवी सय्द काजी अहमद अली, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता के कारण लायसेन्स निलंबन

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ। वर्तमान समय में जिले के किसान आगामी खरीफ मौसम की तैयारी में लगे हुये है, साथ ही जिले के कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सुगमता से उपलब्ध कराने के दृष्टिगत जिला कलेक्टर नेहा मीना द्वारा राजस्व व कृषि विभाग के संयुक्त दल का गठन किया जाकर कृषि आदान विक्रय प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण व नमूने संकलित करने का कार्य प्रगतिरत है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला झाबुआ एन. एस. रावत द्वारा भी जिले के विभिन्न विकासखंडो का भ्रमण कर कृषि आदान गुण नियंत्रण को गंभीरता से लेते हुए जिले के पेटलावद विकासखंड अंतर्गत सारंगी के कीटनाशक विक्रेता प्रतिष्ठान/फर्म न्यू सांवरिया किसान बाजार में अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कीटनाशक विक्रय हेतु जारी लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया, साथ ही करवड़ में संचालित कीटनाशक विक्रेता प्रतिष्ठान/फर्म राधिका कृषि सेवा केंद्र का भी अनियमित के चलते लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा जिले के कृषकों से आग्रह करता है, की उच्च गुणवत्ता युक्त कृषि आदान उचित मुल्य पर अधिकृत विक्रेताओं से ही क्रय करे तथा पक्का बिल अवश्य लेवे। अधिक जानकारी हेतु नजदिकी क्षेत्र के मैदानी अमलों, कृषि कार्यालय व कृषि विज्ञान केन्द्र से सम्पर्क कर सकते है।

मंडल राजभाषा समिति की बैठक में डीआरएम ने राष्ट्रीय हिंदी भाषा में कार्य करने का दिया बल

प्राचीन काल से ही हिंदी देशभर में संपर्क भाषा के रुप में कार्य करती रही है। यह हर्ष का विषय है कि आज के इस बैठक में राजभाषा विभाग द्वारा काशी प्रतिबिंब ई - पत्रिका का विमोचन किया जा रहा है।

♦भारत टाइम्स♦

(शीतल निर्भीक) वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में भारतेंदु सभागार कक्ष में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति,वाराणसी मंडल की तिमाही बैठक, तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन आज बुधवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा की हिंदी भारत संघ की राजभाषा है। प्राचीन काल से ही हिंदी देशभर में संपर्क भाषा के रुप में कार्य करती रही है। यह हर्ष का विषय है कि आज के इस बैठक में राजभाषा विभाग द्वारा काशी प्रतिबिंब ई -पत्रिका का विमोचन किया जा रहा है। जिसे हमारे रेल कर्मियों ने अपनी रचनाओं से समृद्ध करने का कार्य किया है। सभी अधिकारियों से आग्रह है कि अपने निरीक्षण रपटों में हिंदी पैरा का उल्लेख अवश्य करें, विभागीय बैठकों में हिंदी के प्रयोग पर भी चर्चा करें एवं उसका उल्लेख करें। गोष्ठी के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मंडल चिकित्सालय के अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 निरज कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (CPR) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभी का स्वागत करते हुए अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) रोशन लाल यादव ने कहा की वाराणसी मंडल राजभाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कार्य कर रहा है।हमारा मंडल राजभाषा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका प्रदान करता रहेगा। इस अवसर पर अपर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) रोशन लाल यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक(आप) राजेश कुमार सिंह,मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) कौशलेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस कृष्णन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रथम रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण) आर एन सिंह, वरिष्ठ आंकड़ा संसाधन प्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी नवनीत कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरज एवं वैगन) अपूर्व सवर्णकार, सहायक मंडल परिचालन प्रबंधक हीरा लाल, तथा स्टेशन राजभाषा समिति के सदस्यों समेत मंडल कार्यालय पर कार्यरत विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं तकनीकी संगोष्ठी का संचालन करते हुए वरिष्ठ आंकड़ा संसाधन प्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी नवनीत कुमार वर्मा ने राजभाषा पर सुझावों पर विस्तृत चर्चा की और किये गये सुधारों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया ।इस बैठक के दौरान राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गयी।धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी नवनीत कुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस आशय की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को दी।

भोला भण्डारा परिवार ने अमरनाथ लंगर के लिए की सामग्री एकत्रित

जानकारी देते हुए संचालक मनोज उपाध्याय, पवन नाहर, श्रीमंत अरोड़ा ने बताया की भोलें भण्डारा परिवार द्वारा एक माह तक निरंतर चलाये जा रहे लंगर में 19 जून को खाद्य सामग्री से भरा ट्रक अंचल के महंत 1008 दयरामदास महाराज द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर रवाना किया जाएगा।

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ। थांदला भोला भण्डारा परिवार दाहोद, झाबुआ, कल्याणपुरा व थांदला द्वारा श्रावण मास में शुरू होने वाली प्रसिद्ध बाबा बर्फानी के नाम से विख्यात धार्मिक अमरनाथ यात्रा के दौरान वीगत 22 वर्षो से चंदनवाड़ी के प्लॉट नम्बर 3 पर लंगर सेवा देते आ रहा है। इस धार्मिक यात्रा में देश से लाखों भक्त प्रतिवर्ष बाबा बर्फानी के दर्शन को जाते है ऐसे में उनके लिए सैकड़ों भक्तों के लंगर जगह जगह देखने को मिलते है जो भोलें भक्तों की निःस्वार्थ सेवा करते है। जानकारी देते हुए संचालक मनोज उपाध्याय, पवन नाहर, श्रीमंत अरोड़ा ने बताया की भोलें भण्डारा परिवार द्वारा एक माह तक निरंतर चलाये जा रहे लंगर में 19 जून को खाद्य सामग्री से भरा ट्रक अंचल के महंत 1008 दयरामदास महाराज द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कर रवाना किया जाएगा। इस हेतु थांदला से दानदाताओं से खाद्य सामग्री एकत्रीकरण के लिए हनुमान अष्ट मंदिर महंत नारायण दास महाराज व न्यास के अध्यक्ष अशोक अरोड़ा के आतिथ्य में स्थानीय बावड़ी मंदिर पर सामग्री एकत्रीकरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में भोला भण्डारा परिवार के वरिष्ठ सदस्य तुलसी भाई मेहते ने 1 क्विंटल मक्की का आटा व राजू भाई शर्मा (खवासा) की ओर से एक पारले जी बिस्कुट की पेटी प्राप्त हुई। इस अवसर पर अशोक अरोड़ा ने अतिथीय उद्बोधन में कहा की भोला भण्डारा जो लंगर सेवा दे रहा है वही निःस्वार्थ सेवा है क्योंकि अमरनाथ यात्रा में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के देश के कौनें-कौनें से भोलें भक्त ही नही देशप्रेमी भी आते है जिन्हें न पहचानते हुए भी उनकी हर सम्भव मदद को वहाँ लगने वालें लंगर तैयार रहते है। इसलिए थांदला के दानदाताओं को भी खुलकर इसका समर्थन करना चाहिए व तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंनें नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि लंगर में लगने वाली खाद्य सामग्री में अन्न, घी, तेल, चावल, शक्कर व अन्य वस्तुओं को मुक्त हस्त से देकर वे भोला भण्डारा के कार्यो को गति प्रदान कर पुण्यार्जन कर सकते है। इस अवसर पर परिवार के मोहन चौहान, शैलेंद्र चौहान, राकेश जोझ, सुरेश छाजेड़, जीवन प्रजापत, धवल अरोरा, रामलाल राठौड़ आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 19 को दाहोद से खाद्य सामग्री चंदनवाड़ी के लिए रवाना हो जाएगी इसके पूर्व तक आप खाद्य सामग्री भोला भण्डारा परिवार सदस्यों के पास या सीधा बावड़ी मंदिर भिजवाकर इसकी सूचना दे सकते है। यदि वस्त्र दान देना चाहते है तो प्रति कम्बल 100 रुपये के हिसाब से अथवा अन्य वस्तुओं के लिए भी आप स्वेच्छक दान राशि लिखवा सकते है।

भीषण गर्मी बिहार सरकार की नल जल योजना बाधित पानी के लिए बूंद बूंद के लिए ग्रामीण तरस रहें हैं

♦भारत टाइम्स♦

मैथिली शुक्ल/छपरा माँझी। *बिहार सरकार की कल्याणकारी नल जल योजना माँझी में तार तार होकर रह गई है तथा जलस्तर के सतह से नीचे चले जाने के कारण भीषण गर्मी के इस मौसम में गाँवों में लगे सरकारी व गैर सरकारी चापाकलों ने भी पानी देना बंद कर दिया है जिस वजह से लोग बून्द बून्द पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय स्तर पर संचालित अनुभव जिंदगी का सोशल मीडिया ग्रुप द्वारा कराए गए एक सर्वे ने नल जल योजना में हो रही धांधली व अनियमितता की पोल खोल दी है। माँझी नगर पँचायत के वार्ड नम्बर 14 दुर्गापुर गाँव का नल जल पिछले छह माह से बन्द है। लोगों ने बताया कि जब टँकी से पानी आता था तो संचालक उससे अपने खेत की पटवन करता था। यही नही एक सौ रुपये प्रति परिवार देने पर ही वह पानी की सप्लाई करता था। मटियार पँचायत के वार्ड संख्या 10 में दो वर्षों से नलजल योजना ठप है तथा पूर्व वार्ड सदस्य ने उसपर कब्जा जमा रखा है। सोनबरसा पँचायत के वार्ड नम्बर आठ में महीनों से नलजल का पानी बन्द है। जैतपुर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में पिछले तीन माह से पानी की सप्लाई बंद है। इनायतपुर पँचायत के वार्ड नम्बर 2 में दो साल से नलजल का पानी बन्द है। माँझी नगर पँचायत के वार्ड नम्बर तीन , नौ तथा 12 में भी पानी की सप्लाई ठप है। कौरुधौरु पँचायत के वार्ड नम्बर 5 तथा डुमरी पँचायत के वार्ड नम्बर 11 में लोगों को नलजल का लाभ नही मिल रहा है। नसीरा पँचायत के मैरवा गाँव के लोग भी महीनों से नलजल के पानी से वंचित हैं। डुमरी पँचायत के वार्ड आठ तथा नौ में आजतक टँकी चालू ही नही हुआ। माँझी नगर पंचायत के वार्ड आठ में शामिल 20 घरों तक आजतक पानी नही पहुँच सका है। माँझी नगर पँचायत के वार्ड नम्बर एक में महज तीन घरों तक ही पहुँचाया जा सका है पानी। शेष घरों के लोग आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। मुबारकपुर पँचायत के वार्ड संख्या 10 में वर्षों से नलजल बन्द पड़ा है। माँझी नगर पंचायत के वार्ड सात में 15 दिनों से तथा डुमरी पँचायत के वार्ड सात में 5 दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। घोरहट पँचायत में भी कई नलजल टँकी के बन्द रहने की खबर है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर बीडीओ रंजीत सिंह ने बताया कि नलजल योजना तथा सरकारी चापाकलों की देखरेख व संचालन की जिम्मेवारी पीएचईडी विभाग के जेई की है। नलजल व सरकारी चापाकलों से सम्बन्धित लोगों की शिकायतों को प्रखण्ड कार्यालय द्वारा पीएचईडी के जेई को उपलब्ध करा दी गई हैं।*

मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न जल संरचनाओं का किया जा रहा है जीर्णोद्धार

♦भारत टाइम्स♦

रहीम शेरानी झाबुआ। आदिवासी अंचल झाबुआ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महत्वाकांक्षी अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान दिनांक 5-16 जून 2024 के अनुक्रम में केबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया, कलेक्टर नेहा मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान व जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, ग्रामीण जनों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। अभियान के अंतर्गत तालाब, कुँए, बावड़ी आदि जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार / मरम्मत कराये जाने के निर्देश के पालन में ग्राम पंचायत भोयरा में जनसहयोग से तालाब गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस तारतम्य में पूरे जिले में विभिन्न तालाबों की उपजाऊ मिट्टी जो क्षेत्र के छोटे एवं सीमान्त किसानों के लिए सोने के समान है, को स्थानीय कृषक एवं ग्रामीणों द्वारा बढ़-चढ़ कर जनभागीदारी से अभी तक 74959 घ.मी. मिट्टी निकाली गई है जिससे 5574 कृषक परिवार लाभान्वित हुए हैं। अभियान के अंतर्गत जिले में पर्यावरण के प्रति सजगता एवं सहजता के दृष्टिकोण से बड़े ही वृहद पैमाने पर सीड बॉल बनाई गई है, सभी जनपदों में आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूहों की दीदीयों द्वारा जनभागीदारी से इन सीड बॉल का निर्माण किया जा रहा है। अद्यतन स्थिति में समूहों द्वारा 109597 सीड बॉल तैयार कर ली गई हैं। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में 132834 सीड बॉल एवं अन्य विभागों को भी सम्मिलित कर कुल 1172431 सीड बॉल तैयार कर ली गई हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत पेटलावद कचराखांदन के ग्राम पंचायत में 50 हजार सीड बॉल का रोपण किया जाएगा। उक्त तैयार समस्त सीड बॉल को एक अभियान चलाया जाकर एक साथ जिले में विभिन्न पहाड़ियो / क्षेत्रों में पौधारोपण हेतु बिखेरे जाएंगे।

मोहित चोपड़ा की यात्रा 'जहां चाह, वहां राह' कहावत को सच साबित करती है

♦भारत टाइम्स♦

MICA ने दिलवाई मोहित चोपड़ा को जिंदगी की राह

मुंबई। यूएई दोहा में जन्मे और पले-बढ़े मोहित चोपड़ा ने हमेशा शेफ बनने का सपना देखा था। उन्हें लगता था कि वे उन कुछ खुशनसीब लोगों में से हैं जिन्हें अपने जुनून का पीछा करने का मौका मिला। लेकिन जल्द ही चीजें बदल गईं COVID-19 महामारी ने होटल और रेस्टोरेंट उद्योग को भारी नुकसान पहुँचाया, जिससे उनके शेफ बनने के सपने बिखर गए। अपने सपने को आगे न बढ़ा पाने का दुःख होते हुए भी, उन्होंने एक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया। मोहित ने शोध किया और डिजिटल मार्केटिंग को अपनाने का निर्णय लिया। मोहित ने अपग्रेड द्वारा पेश किए गए मुद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ़ कम्युनिकेशन्स, अहमदाबाद (MICA) के एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग और कम्युनिकेशन प्रोग्राम में दाखिला लिया। इस वैश्विक संकट के दौरान, इस कार्य म ने उन्हें एक नई उम्मीद और नई शुरुआत दी। मोहित चोपड़ा (साधारण स्टूडेंट) ने कहा,पहले ऑनलाइन पाठ्य म ने कई चुनौतियां पेश की, लेकिन मुझे जो अमूल्य मार्गदर्शन मिला, उसके माध्यम से मुझे स्पष्टता और सहजता मिली एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग और कम्युनिकेशन प्रोग्राम के माध्यम से, मोहित ने एक ग्राहक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलतापूर्वक एक नए करियर में बदलाव किया और वुडोफो में रिलेशनशिप मैनेजर का पद संभाला।"महामारी ने भले ही मोहित के प्रारंभिक सपनों को बाधित कर दिया हो, लेकिन मोहित ने हार नहीं मानी। मोहित की कहानी यह दिखाती है कि जीवन की चुनौतियों को पार करने में दृढ़ता और संकल्प की शक्ति कितनी महत्वपूर्ण है। मोहित की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि कैसे लचीलापन और कड़ी मेहनत से नई और अप्रत्याशित सफलता मिल सकती हैं।

कानपुर मेडिकल कॉलेज की पांचवी मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत, हिरासत में दो

25 जून को लेनी थी उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज में जॉइनिंग

परिजनों ने लगाया छत से फेंक कर हत्या का आरोप, इसीलिए दो साथी डॉक्टरों से भी पूछताछ कर रही पुलिस

♦भारत टाइम्स♦

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अचानक बड़ा हादसा हो गया। यहां की 5वीं मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत हो गई। यह घटना बीती देर रात उस समय की है, जब महिला डॉक्टर साथी डॉक्टरों के साथ पार्टी कर रही थी। बीती रात आयोजित पार्टी के लिए सभी डॉक्टर छत पर गए। थोड़ी देर में डॉक्टर दीक्षा तिवारी के छत से गिरने की आवाज आई। उसकी मौके पर मौत हो गई। साथी दोस्तों ने कॉलेज प्रशासन को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पुलिस, फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची और जांच-पड़ताल की। इस बीच मौके पर पहुंचे उसके परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाया जाने के चलते डा. दीक्षा तिवारी के दो साथी डाक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। वहीं साथी डॉक्टरों का कहना है- दीक्षा छत पर जिस जगह बैठी थी, वह जगह कमजोर थी। जिसके टूटने से वो नीचे गिर गई। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर दीक्षा तिवारी के भाई ने कहा- छत पर रगड़ के निशान हैं। उसे छत से फेंका गया है। इसकी जांच होनी चाहिए। इसी लिए पुलिस ने 2 साथी डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। साथ ही घटना की तह तक पहुंचाने के लिए सीसीटीवी भी चेक कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टर दीक्षा तिवारी (26) बरेली की रहने वाली थी। और 2024 सेशन में ही उसने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। आगामी 25 जून को उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज में जॉइनिंग लेनी थी। वह यहां स्वरूप नगर में किराए पर रहती थी। उनके पिता प्रदीप तिवारी का बरेली में प्रिंटिंग प्रेस का काम है। परिवार में मां रेनू तिवारी, भाई मयंक तिवारी हैं। मयंक पुणे में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है वहीं पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच कर रही है।

22 जून 2024 को राईका समाज मनाएगा विश्व ऊंट दिवस एवं श्री वीर हड़मल जी राईका गौरव दिवस

♦भारत टाइम्स♦

देवगढ़। विद्याधर वैष्णव। राजस्थान में प्रतिवर्ष 22 जून को विश्व ऊंट दिवस एवं श्री वीर हड़मल राईका गौरव दिवस महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा पिछले वर्ष प्रथम महोत्सव 22 जून 2023 को सूर्यनगरी जोधपुर में मनाया गया और अब इस वर्ष पाली एवं अलवर में आयोजित होने जा रहा है।संपूर्ण भारतवर्ष के राईका रेबारी देवासी समाज बंधु सादर आमंत्रित हैं। प्रतिवर्ष राजस्थान के अलग अलग जिला मुख्यालय पर बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। राईका समाज अपनी सांस्कृतिक वेशभूषा में कलश यात्रा के साथ साथ 11 ऊंटो के साथ भव्य शोभा यात्रा केशवनगर छात्रावास से आरंभ होकर सुरजपोल छात्रावास पर समापन होगी। शोभा यात्रा के समापन के पश्चात सामाजिक मुद्दों पर समाज के अलग अलग वक्ताओं द्वारा अलग अलग विषय पर चर्चा होगी।

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आवास विभाग की लम्बित महायोजनाओं का प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते हुए

नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग द्वारा चलाया अतिक्रमण अभियान, नगर पालिका ने जब्त की गिट्टी व बालू

उरई(जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग ने सड़क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अतिक्रमण अभियान चलाया और उनके विरुद्ध कार्रवाई की इस दौरान नगर पालिका ने सड़क पर पड़ी गिट्टी बालू और ईंट को जप्त कर लिया। साथ ही लोक निर्माण विभाग की जगह पर बाउंड्री बनाने वालों की दीवारों को भी ध्वस्त किया है। अभियान उरई नगर पालिका क्षेत्र

के अंतर्गत आने वाले मंडी गेट से राठ रोड तक चलाया गया इस सड़क पर अवैध तरीके से लोगों ने कब्जा कर लिया था लोगों ने बाउंड्री वॉल के साथ-साथ ईंट, सीमेंट, सरिया, बालू से अतिक्रमण किया था, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो रहा था अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। जिन्होंने नगर पालिका प्रशासन, लोक निर्माण विभाग अधिकारियों की सयुंक्त टीम ने अतिक्रमण अभियान चलाया साथ ही गिट्टी,बालू व ईंट आदि को जप्त कर लिया। विजय विक्रम पैलेस के पास अवैध तरीके से बनाई गई बाउंड्री को भी बुलडोजर से गिराया गया। नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल ने कहा कि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगी साथ ही अति क्रमणकारियों को हिदायत दी गई है कि यदि किसी प्रकार का दोबारा कब्जा किया जाता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार आर्थिक दंड लगाया जाएगा साथ ही विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

प्रदेश में आबकारी और पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी

अवैध नशे के खिलाफ जारी है योगी सरकार का एक्शन

- **प्रदेश के सभी जिलों में चल रही आबकारी और पुलिस विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद थपथपा चुके हैं आबकारी और पुलिस विभाग की पीठ**
- **लोकसभा चुनाव के दौरान भी प्रदेश में कहीं नहीं घटी शराब से जुड़ी कोई अप्रिय घटना**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश पर प्रदेश में अवैध और जहरीली शराब के खिलाफ अभियान जारी है। आचार संहिता समाप्त होने के एक हफ्ते के भीतर ही प्रदेश में अबतक हजारों लीटर अवैध और जहरीली शराब को आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा नष्ट और जब्त किया जा चुका है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दोनों विभागों की पीठ इस बात को लेकर थपथपाई है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में कहीं भी अवैध और जहरीली शराब से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। दोनों विभाग की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई के जरिए प्रतिदिन सैकड़ों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट करने का काम कर रही हैं। **एक सप्ताह में इन जिलों में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई** - बीते एक हफ्ते में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अमरोहा, सहारनपुर, गाजियाबाद, सीतापुर, सुल्तानपुर, ललितपुर, हापुड़, मुरादाबाद, लखीमपुर, गोंडा, एटा अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, बस्ती, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, झांसी, उन्नाव, बांदा, प्रयागराज, चित्रकूट, गौतमबुद्ध नगर, फरुर्खाबाद, बदायूं, अमेठी, कुशीनगर, गोरखपुर और बस्ती से हजारों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट किया गया है। इसके अलावा नकली देसी-विदेशी शराब, बोतलें, नकली रैपर, नकली क्यूआर कोड सहित पूरे के पूरे कारखानों को भी उजागर किया गया है। साथ ही अन्य राज्यों में बिक्री के लिए अनुबंधित शराब को भी प्रदेश के विभिन्न ढाबों पर बेचने वाले गिरोह का भी पदार्फाश किया गया है। अभियान जारी : बीते दो दिन में 12 जिलों में रेड - हफ्तेभर से प्रदेश के सभी जिलों में चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई में हजारों लीटर अवैध शराब को जब्त और नष्ट किया जा चुका है, वहीं बुधवार और गुरुवार पूर्वाह्न खबर लिखे जाने तक चली अनवरत कार्रवाई में सीतापुर में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 200 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। झाँसी में 610 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी और 3800 किग्रा. लहन मौके पर नष्ट किया। यहां से 4 महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्नाव में आबकारी टीम ने 225 ली. अवैध शराब बरामद की तथा 500 किग्रा. लहन नष्ट किया। इसके अलावा आबकारी और पुलिस टीमों की दबिश अलीगढ़, हरदोई, कुशीनगर, गोरखपुर, सहारनपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और बस्ती में भी दर्ज की गई हैं।

स्वयं सीएम योगी कर चुके हैं तारीफ

प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा चल रही अनवरत कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विभाग की पीठ थपथपा चुके हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के ऑफिशियल एक्स हैंडल के जरिए स्वयं सीएम योगी ने कहा है कि जहरीली अथवा अवैध शराब बनाने, बेचने और खरीदने के प्रयासों पर लगातार हुई कार्रवाइयों का ही असर है कि इसका पूरा सिंडिकेट समाप्त हो गया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ऐसी कार्रवाइयों का क्रम लगातार जारी रखने का निर्देश दिया है। सीएम ने इस बात के लिए भी संतोष व्यक्त करते हुए इसे सुखद बताया है कि लोकसभा चुनाव में कहीं भी जहरीली अथवा अवैध शराब से जुड़ी अप्रिय घटनाओं की सूचना नहीं प्राप्त हुई। प्रयास हो कि ऐसी स्थिति आगे भी बनी रहे।

इस माह के अंत तक तैयार हो जाएगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

शानदार रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की लगातार सौगात दे रही है योगी सरकार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर लगातार काम कर रही योगी सरकार इस माह के अंत तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा शुरू करने की तैयारी में है। जून के पहले सप्ताह तक इस एक्सप्रेसवे का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त होगा। 91.352 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 5876.67 करोड़ रुपये (भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत) है। इससे जनपद गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। गोरखपुर लिंक

एक्सप्रेसवे तीव्र संपर्क तथा बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही साथ संबन्धित क्षेत्र के जनमानस को भी एक दूसरे के और निकट लाने में मदद करेगा। यूपी एक?सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर 10 जून तक अद्यतन जानकारी के अनुसार के अनुसार गोरखपुर लिंक एक?सप्रेसवे का 97 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मेन कैरिजवे में क्लियरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 फीसद, मिट्टी का काम 100 फीसद पूरा कराया गया है। एक?सप्रेसवे पर कुल प्रस?तावित 341 संरचनाओं में से 337 बन चुके हैं। अन्य के निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। दो दिन पूर्व गोरखपुर के कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्य मे तेजी लाते हुए इस माह के अंत तक लिंक एक्सप्रेसवे का काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल के एक बड़े क्षेत्र के लोगों को लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा दिल्ली से लेकर आगरा तक के शानदार सफर का आनंद लोग ले सकेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। एक्सप्रेसवे के प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन खपत में महत्वपूर्ण बचत, समय की बचत एवं पर्यावरणीय प्रदूषण का नियंत्रण भी संभव हो सकेगा। इस एक्सप्रेसवे से अच्छादित क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ ही कृषि, वाणिज्य, पर्यटन तथा उद्योगों की आय को बढ़ावा मिलेगा। एक्सप्रेसवे से अच्छादित क्षेत्रों में स्थित विभिन्न उत्पादन इकाइयों, विकास केंद्रों तथा कृषि उत्पादन क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने हेतु एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के रूप में सहायक होगा। एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ योगी सरकार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी बना रही है।

श्री कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने क्रिकेट के फाइनल मुकाबले का फीता काटते हुए किया शुभारंभ

मल्हारगढ। महेश मरेठा। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी हाल मुकाम रमा हवेली एवं मुंदेड़ी हाउस पिपलिया मंडी मध्य प्रदेश ने रिछा गांव में नवदुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट समिति के नेतृत्व में चल रहे पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला के अवसर पर उपस्थित होकर फीता काटते हुए शुभारंभ करवाया तथा सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति के आग्रह पर एक ओवर क्रिकेट खेलने के साथ ही साथ अपनी तरफ से नवदुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट समिति को इस प्रकार के आयोजन हेतु 2100 रूपए के रूप में

प्रोत्साहन राशि दिया फाइनल मैच खेल रही लसूडिया राठौड़ टीम एवं जेतपुरा टीम के सभी खिलाड़ियों से परिचय किया और सभी खिलाड़ियों ने कुंवर शक्तावत का पुष्प माला पहनाते हुए सम्मान किया तत्पश्चात अपने उद्बोधन में रणजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होना चाहिए और इस प्रकार के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है और ग्रामीण क्षेत्र में खेल रहे खिलाड़ियों का हौसला अफजाई होने के साथ ही साथ खिलाड़ियों का चयन भी होता है और वे खिलाड़ी गांव से निकलकर शहर तथा प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

जितनी अधिक मेहनत,सफलता उतनी ही बड़ी होगी: कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह

उज्जैन / जगदीश परमार। आरसेटी के प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को वितरित किए प्रमाण पत्र उज्जैन स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान उज्जैन में गुरुवार को आयोजित 30 दिवसीय इलेक्ट्रिक मोटर रिवाईडींग के प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में कलेक्टर उज्जैन श्री नीरज कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को इलेक्ट्रिक मोटर

रिवाईडींग के प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक उज्जैन श्री बलराम बैरागी, निदेशक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान श्री अजय शंकर सिंह सहित प्रशिक्षकगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम में प्रशिक्षण आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशिक्षित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के पास एक विशेष हुनर होता है। आवश्यकता है उस हुनर को पहचानने की और उसमें दक्ष होने की। स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान उज्जैन द्वारा इसी प्रकार विभिन्न स्वरोजगारमूलक कामों के लिए युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें दक्ष बनाना बनाया जा रहा।

एनडीआरएफ नें रेलवे स्टेशन के पास बने माल गोदाम के पास किया मॉक ड्रिल किया

उरई,जालौन। उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल और एनडीआरएफ के द्वारा संयुक्त रूप से उरई स्टेशन की पांचवी लाइन नई माल गोदाम पर गुरुवार को मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें झांसी दुर्घटना राहत ट्रेन पहुंची डोपा हर 12:00 बजे एनडीआरएफ के जवानों ने मॉक ड्रिल शुरू किया। सबसे पहले 5 लाइन पर खड़े कोच में मॉडल शुरू किया जिसमें सबसे पहले दशार्या गया कि अगर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तो सबसे पहले कटर के द्वारा कोच की खिड़की काटी

गयी। इसके कोच में स्काउट गाइड के जवान पहले से मौजूद यात्रियों की भूमिका निभा रहे थे जैसे ही ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है जवानों ने तत्काल मटर के द्वारा खिड़की काटी और इस खिड़की से अंदर कोच में प्रवेश किया और स्टेटस पर लाभ कर भारत स्काउट गाइड के कैडिट को निकाल कर एंबुलेंस में स्वर किया। जहां से चिकित्सा टीम के पास उन्हें भेजा गया इसके बाद विकट परिस्थितियों में कोच को ऊपर छत से काटा गया।

धान की सीधी बिजाई को लेकर सरकारी दावों के बीच गांवों के रजबाहे अभी भी सूखे

तलवंडी साबो,13 जून,अशोक कुमार.धान की सीधी बिजाई को लेकर पंजाब सरकार के द्वारा बिजली और पानी मुहैया करवाने के दावों के बीच धान की बिजाई शुरू होने के बावजूद अभी तक हल्के के कई गांवों के रजबाहे सूखे पड़े हैं।इस संबंध में बातचीत करते हुए बी के यू लक्खोवाल टिकैत के सूबा जनरल सेक्रेटरी सरूप सिंह रामा ने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के लिए बड़े बड़े प्रलोभन दे रही है।

जनहित में लोकसभा क्षेत्र चांदनी चौक में लगा 'आपके सांसद आपके द्वार'

(शीतल निर्भीक)। नई दिल्ली। चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने जनहित में'आपके सांसद

आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम केशव पुरम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती नीलम गुप्ता की अहम भूमिका रही, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करना और जनता की समस्याओं को सीधे सांसद तक पहुंचाना था। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे महिला शक्ति की एकजुटता और उनकी समस्याओं के प्रति जागरूकता को बल मिला। इस दौरान प्रवीण खंडेलवाल ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। क्षेत्र के लोगों ने बिजली, पानी, सड़कों की मरम्मत, और स्वच्छता से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन मुद्दों का जल्द से जल्द निवारण करें। महिला मोर्चा की महामंत्री श्रीमती नीलम गुप्ता ने महिलाओं की समस्याओं पर विशेष जोर दिया और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी चर्चा की। इस कार्यक्रम में कई स्थानीय नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। सभी ने सांसद की इस पहल की सराहना की और इसे जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। 'आपके सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम ने जनता और उनके प्रतिनिधियों के बीच एक सकारात्मक संवाद स्थापित किया और लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला।

मेडिकल कालेज में भर्ती महिला के पेट से निकाला 5 किलो का ट्यूमर

उरई, जालौन। 11 जून 2024 को राजकीय मेडिकल कालेज उरई में भर्ती महिला के पेट से निकाला 5 किलो का ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन। प्रधानाचार्य आर०के० मोर्या के कुशल मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग की टीम द्वारा एक और अन्य उपलब्धि को प्राप्त किया गया। मेडिकल कालेज में भर्ती श्रीमती कौशल्या उम्र 65 वर्ष निवासी हमीरपुर जिले का मरीज बहुत दिनो से पेट की सूजन और दर्द से जूझ रही थी। उन्होने 5 बर्ष पहले बच्चेदानी का ऑपरेशन कराया था, जिसके बाद पेट में दर्द की शिकायत होने लगी थी। जिसके चलते मरीज मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में दिखाने के लिये आई तो वहाँ पर डा० निशान्त

सक्सेना विभागाध्यक्ष,सह-आचार्य, जनरल सर्जरी द्वारा उक्त मरीज को देखा गया। जिसके जाँच मे पाया गया कि मरीज के पेट में दाँये तरफ के अंडाशय में एक 20७10 सेमी गाँठ है, वह पूरे पेट मे फैली हुई थी और इसकी वजह से मरीज के बाकी अंगो पर तनाव पड़ रहा था। जिसके कारण मरीज को सांस लेने व चलने में दिक्कत महसूस हो रही थी। यह काफी दुर्लभ बीमारी है जिसका इलाज बडे-बडे अस्पतालों मे ही किया जाता है। लेकिन राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीज को भर्ती कर 11 जून 2024 को डा० निशान्त सक्सेना (सह-आचार्य) विभागाध्यक्ष जनरल सर्जरी, डा० अमल पी०जी० जे०आर०-2, डा० स्नेहा अग्रवाल पी०जीजे०आर०-01, डा0 अरूण अहिरवार, सह-आचार्य, निश्चेतना विभाग टीम के द्वारा सफल ऑपरेशन को किया गया। ऑपरेशन के द्वारा मरीज का बड़ी सुगमतापूर्वक मात्र 4 इंच के चीरे द्वारा इस पाँच किलो की गाँठ को निकाला गया। जिससे मरीज को एक बहुत ही गम्भीर बीमारी से निजात मिली है। मरीज को आयुष्मान भारत योजना के तहत भर्ती किया गया था। जिसमे मरीज की निशुल्क जाँचे, ऑपरेशन किया गया। मरीज अब बहुत ही आराम महसूस कर रहा और मरीज के परिजन भी खुश है। सफल ऑपरेशन करने वाली टीम में डा० निशान्त सक्सेना सह-आचार्य सर्जरी विभाग, डा० अमल बूबिली, डा० स्नेहा अग्रवाल, डा० अरूण अहिरवार, डा० भवना, और स्टॉफ नर्स मिलन आदि मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० प्रशान्त निरंजन के द्वारा ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई दी गयी एवं उनके द्वारा कहा गया कि इस प्रकार की उपलब्धियों से जनपद वासियों का मेडिकल कालेज के प्रति विश्वास और दृढ़ होगा।